CC0 In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

2·1 VHP

# जैन गीता

वर्णी दि. जैन (शोध) संस्थान 3526

## ('समणसुत्तं' का हिन्दी-पद्यानुवाद)

मुनि श्री १०८ आचार्य विद्यासागरजी महाराज

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सहृदयी पं. फूलचंद जी
सिद्धान्तशास्त्री
को सादर भेंट।
२६।४।८०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

# समणसुत्तं

## ( पद्यानुवाद )

श्री गणेश वर्णी दि. जैन (शोध) संस्थान
३५८६
नरिया, वाराणसी

अनुवादक :
आचार्य मुनिश्री विद्यासागरजी

श्री मुनि संघ स्वागत समिति
सागर, मध्यप्रदेश

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समणसुत्तं

●

पद्यानुवाद : आचार्य विद्यासागरजी

●

मनोभावना : आचार्य श्री विद्यासागरजी

●

आद्यमिताक्षर : डॉ. पन्नालाल साहित्याचार्य

●

प्रकाशकीय : सिंघई जीवेन्द्र कुमार जैन

●

प्रकाशक :
श्री मुनिसंघ स्वागत समिति,
सागर, मध्यप्रदेश

●

मुद्रक :
नई दुनिया प्रेस,
केसरबाग मार्ग, इन्दौर-२,

●

प्रथम संस्करण
मार्च १९७८

●

मूल्य :
साधारण—छह रुपये
सजिल्द—आठ रुपये

●

*SAMAN SUTTAM, Padyanuvad*
by Acharya Vidyasagarji
Religion

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

# विषयानुक्रमणी

## प्रथम खण्ड : ज्योतिर्मुख


| | पद्य | | पद्य |
|---|---|---|---|
| १. मंगलसूत्र | २–५ | ९. धर्मसूत्र | २६–२७ |
| २. जिनशासनसूत्र | ६–९ | १०. संयमसूत्र | २८–४३ |
| ३. संघसूत्र | १०–११ | ११. अपरिग्रहसूत्र | ४४–४५ |
| ४. निरूपणसूत्र | १२–१५ | १२. अहिंसासूत्र | ४६–४९ |
| ५. संसारचक्रसूत्र | १६–१७ | १३. अप्रमादसूत्र | ५०–५३ |
| ६. कर्मसूत्र | १८–२१ | १४. शिक्षासूत्र | ५४–५५ |
| ७. मिथ्यात्वसूत्र | २२–२३ | १५. आत्मसूत्र | ५६–६१ |
| ८. राग-परिहारसूत्र | २४–२५ | | |


## द्वितीय खण्ड : मोक्षमार्ग


| | | | |
|---|---|---|---|
| १६. मोक्षमार्गसूत्र | ६४–६७ | २६. समिति-गुप्तिसूत्र | १२४–१३३ |
| १७. रत्नत्रयसूत्र | ६८–७१ | २७. आवश्यकसूत्र | १३४–१३९ |
| १८. सम्यग्दर्शनसूत्र | ७२–७९ | २८. तपसूत्र | १४०–१५३ |
| १९. सम्यग्ज्ञानसूत्र | ८०–८५ | २९. ध्यानसूत्र | १५४–१५९ |
| २०. सम्यक्चारित्रसूत्र | ८६–९३ | ३०. अनुप्रेक्षासूत्र | १६०–१६५ |
| २१. साधनासूत्र | ९४–९५ | ३१. लेश्यासूत्र | १६६–१७१ |
| २२. द्विविध धर्मसूत्र | ९६–९७ | ३२. आत्मविकाससूत्र (गुणस्थान) | १७२–१७७ |
| २३. श्रावकधर्मसूत्र | ९८–१०७ | ३३. संलेखनासूत्र | १७८–१८५ |
| २४. श्रमणधर्मसूत्र | १०८–११५ | | |
| २५. व्रतसूत्र | ११६–१२३ | | |




Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## तृतीय खण्ड : तत्त्व-दर्शन


पद्य

३४. तत्त्वसूत्र १८८–१९७

३५. द्रव्यसूत्र १९८–२०५

३६. सृष्टिसूत्र २०६–२०९


## चतुर्थ खण्ड : स्याद्वाद


३७. अनेकान्तसूत्र २१२–२१५

३८. प्रमाणसूत्र २१६–२२१

३९. नयसूत्र २२२–२२९

४०. स्याद्वाद व सप्तभङ्गीसूत्र २३०–२३१

४१. समन्वयसूत्र २३२–२३७

४२. निक्षेपसूत्र २३८–२४१

४३. समापन २४२–२४३

४४. वीर-स्तवन २४४–२४७




Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

# मनो भावना

विगत बीस मास पूर्व की बात है, राजस्थान स्थित अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में महावीर-जयन्ती के शुभ अवसर पर स संघ मैं उपस्थित था। उस समय 'समण सुत्तम्' का जो सर्वसेवा संघ वाराणसी से प्रकाशित है, विमोचन हुआ। यह एक सर्वमान्य संकलित ग्रन्थ है। इसके संकलन कर्ता ब्र. जिनेन्द्र वर्णी, जो स्व. क्षुल्लक गणेशप्रसाद वर्णी जी के अनन्य शिष्यों में एक हैं। आपने जैन सिद्धान्त का आलोडन करके यह नवनीत समाज के सामने प्रस्तुत किया है। आपका यह कार्य प्रेरणाप्रद एवं स्तुत्य है।

इस ग्रन्थ में चारों अनुयोगों के विषय यथा स्थान चित्रित हैं। अध्यात्मरस से ओतप्रोत ग्रन्थराज समयसार, प्रवचनसार, नियमसार, अष्टपाहुड़, पंचास्तिकाय, द्रव्य संग्रह, गोम्मटसार आदि ग्रन्थों की गाथाएँ, इसमें प्रचुर रूप से संकलित हैं। यह ग्रन्थ आद्योपान्त प्राकृत गाथाओं से संपादित है। पूज्य पं. कैलाशचन्द सिद्धान्ताचार्य ने इस ग्रन्थ का संक्षेप किन्तु सुन्दर गद्यानुवाद किया है। जो प्राकृत भाषा से अनभिज्ञ हैं, उन्हें यह ग्रन्थगत विषय को समझने में पूर्ण सहायक है।

'समण सुत्तम्' के मूल प्रेरणा स्रोत, समाजसेवी, सर्वसेवा संघ के निर्माता विनोबाजी भावे हैं। पच्चीसवी सौ वीर निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष में, जैन समाज से आपने माँग की थी, कि यद्यपि जैन साहित्य विपुल मात्रा में है, तथापि उससे सब लोग लाभ ले नहीं पा रहे हैं। अतः समाज के सम्मुख एक ऐसी कृति प्रस्तुत की जाय, कि जिससे जैनेतर भी जैनदर्शन से भाग्योन्नति कर सकें। वह कार्य आज सानन्द संपन्न हुआ।

मन में बहुत काल से विचार करते ले रहा था, कि एक ऐसा काव्य ग्रन्थ का निर्माण किया जाय, कि, आबाल वृद्ध उस ग्रन्थ का संगीत के माध्यम से, अल्प काल में ही पाठ कर, जैन दर्शन की उपयोगिता एवं ध्रुवबिन्दु के संबंध में परिचय प्राप्त कर सकें, और जीवन को समुन्नत बना सकें। किन्तु काललब्धि के बिना भी कोई कार्य नहीं हो सकता। और पुरुषार्थ से मुख मोड़कर काललब्धि की प्रतीक्षा करने से भी काललब्धि नहीं आ सकती है। इसी बीच बनारस के दो पत्रों के माध्यम से समणसुत्तम् के पद्यानुवाद के लिए प्रेरणा प्राप्त हुई। एक पत्र था, श्रीमान् पं. जमनालाल शास्त्री जी का, एक दूसरा था श्रीमान् कृष्णराज मेहता जी का।

'शुभस्य शीघ्रं' इस सूक्ति को चरितार्थ करते हुए, गुरुस्मृति के साथ, ग्रन्थ का पद्यानुवाद प्रारम्भ किया; तीन चार स्थलों में, गाथागत रहस्य को समझने में, पंडित कैलाशचन्द जी कृत गद्यानुवाद ने दीपक का काम किया है। किन्तु यह अनुमान नहीं था, कि अनुवाद (पद्यानुवाद) इतना अल्प काल में सम्पन्न होगा। अनुवाद में केवल ८॥ मास लगे, और सिद्ध क्षेत्र कुण्डलगिरि पर सानन्द सम्पन्न हुआ, जो पाठकों के सम्मुख "जैनगीता" के रूप में प्रस्तुत है।

'जैन' यह शब्द आज तक बड़े श्रीमानों, धीमानों एवं संतों की दृष्टि में भी जातिवाचक ही रहा है। जब कि वह उस सहज अजर अमर, अमूर्त आत्मा की ओर मुमुक्षुओं को आकृष्ट करता है। विषय कषायों से ऊपर उठाकर, उन्हें परमशांति पथ का प्रदर्शन कराता है। जैन इस शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार है। जयति स्वकीयानि इन्द्रियाणि आत्मानं स जिनः, जिन एव जैन इति। जो महापुरुष अपनी इन्द्रियाँ एवं आत्मा को पूर्णरूपेण जीतता है, उन्हें कुमार्ग से बचाता है, वह जिन है। जिन ही जैन है। जैन की गी अर्थात् वाणी, और उस गी का भाव या सार के अर्थ में ता प्रत्यय का प्रयोग करने से 'गीता' शब्द की निष्पत्ति होती है। अतः यह सुस्पष्ट हुआ, कि उन जिनेन्द्र भगवान् की वाणी के सार का नाम ही "जैन गीता" सिद्ध है।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पौद्गलिक वर्णनिरूप शब्दों में ही न उलझकर, शब्दानबोध से अर्थानबोध एवं अर्थानबोध से, उस परम सत्तास्वरूप केन्द्र बिन्दु का भी अवगम प्राप्त कर, उस तक जाने का साधकों को, सतत् प्रयास करते रहना चाहिए। इसी उद्देश को अपनी दृष्टि में रख कर, साधनापथारूढ़ साधकों संतो ने स्वपर कल्याण हेतु हित, मित, मिष्ट वचनों से, हमें उस सहज चेतनामय सत्ता का उपदेश दिया है। और आजीवन उस परम सत्ता का मनन-मंथन कर, नवनीत के रूप में विपुल साहित्य का निर्माण किया है।

झर झर झरता झरना,
कहता चल चल चलना।
उस सत्तासे मिलना,
पुनि पुनि पड़े न चलना।

लखना तज कर लिखना सहज शुद्धात्मा को अभीष्ट नहीं था, तथापि चिरानुभूत संकल्प विकल्प के संस्कार ने चंचल मन को लिखने के विकल्प की ओर आकृष्ट किया। फलस्वरूप आभ्यंतर परिणति छूटी, और बहि:परिणति प्रवाहित हुई। छद्मस्थका मनोबल इतना निर्बल है, कि वह अन्तर्मुहूर्त के उपरान्त अपने चंचल स्वभाव का परिचय दिये बिना नहीं रहता। इसी से इस मन ने प्रस्तुत कृति लिखने का विकल्प किया। यह भी समयोचित ही हुआ। आगमोल्लेख है, कि विषयकषायरूप अशुभोपयोग से बचने के लिए, सहज स्वभाव-रूप शुद्धोपयोग की उपलब्धि के लिए, तत्साधनभूत शुभोपयोग का आलम्बन लेना मुनियों, सत्पथ साधकों एवं संतों के लिए भी सामयिक उपादेय है ही। अत: मनोभावना यही है कि अध्यात्म रस से परिपूरित इस कृति का मनोयोग से आस्वादन कर, भव्य पाठक परम तृप्ति का, अनुभव करें।

समता भरी णिमा नदी,
उन्नत शिखरपर चढ़ी।
निज दृष्टि निजमें गड़ी,
धन्यतम है यह घड़ी।

यह सब रहा, वयोवृद्ध तपोवृद्ध एवं ज्ञानवृद्ध आचार्य गुरुवर श्री ज्ञानसागर-महाराजजी के प्रसाद का परिपाक है, कि परोक्षरूपसे, उन्हीं के अभय चिन्ह चिन्हित करकमलों में जैन गीताका समर्पण करता हुआ........................

गुरुचरणारविन्दचंचरीक

ॐ शुद्धात्मने नमः
ॐ निरंजनाय नमः
ॐ श्री जिनाय नमः
ॐ निजाय नमः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

# आद्य मिताक्षर

## 'जैन गीता' के रचयिता

'जैन गीता' के रचयिता हैं स्वनामधन्य परम पूज्यवर श्री १०८ आचार्य विद्यासागर जी महाराज। आचार्य महाराज का 'विद्यासागर' नाम अन्वर्थ नाम है। आपके हृदय में न्याय, व्याकरण, साहित्य, आगम तथा अध्यात्म आदि अनेक विद्याओं का सागर लहरा रहा है। मातृभाषा कन्नड़, मराठी, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा का अगाध वैदुष्य आपको प्राप्त है। सुदूरवर्ती कर्नाटक प्रान्त के मूल निवासी होने पर भी आप हिन्दी का इतना अविरल और स्पष्ट प्रवचन करते हैं कि कोई नवागन्तुक श्रोता यह कल्पना भी नहीं कर सकता कि आपकी मातृभाषा हिन्दी नहीं है।

## आचार्य विद्यासागर के गुरु

आचार्य विद्यासागरजी, परमपूज्य चारित्रभूषण आचार्य ज्ञानसागरजी के पट्ट शिष्य हैं। आचार्य ज्ञानसागरजी जयोदय, वीरोदय, दयोदय आदि महाकाव्यों के प्रणेता रहे हैं। संस्कृत-साहित्य पर आपका पूर्ण अधिकार था। गद्य, पद्य तथा चंपू काव्यों की रचना में आपकी लेखनी निर्बाध रूप से चली है। आप चारों अनुयोगों के विशिष्ट ज्ञाता थे। प्रवचन-कला के पारगामी तथा शब्दों के विश्लेषण करने में अत्यन्त निपुण थे। स्वयं ज्ञान-गरिमा से युक्त होकर आप व्यक्ति-विशेष की परख करने में अत्यन्त कुशल थे। उस कुशलता को ही सफल समझना चाहिये कि उन्होंने अल्पवयस्क विद्यासागर की विशिष्ट योग्यता को भाँप लिया; इसीलिए अपने संपर्क में रखकर अल्प समय में ही उन्हें संस्कृत भाषा का निष्णात विद्वान् बना दिया।

## जन्म परिचय

आचार्य विद्यासागरजी का जन्म विक्रम संवत् २००३ आश्विन शुक्ला पूर्णिमा के दिन सदलगा (जि. बेलगाम; कर्णाटक) में हुआ। आपके पिताजी का नाम मल्लप्पाजी (आचार्य धर्मसागरजी के संघस्थ मुनिराज मल्लिसागरजी) था और माता का नाम श्रीमतीजी (आचार्य धर्मसागरजी की संघस्थ आर्यिका समयमतीजी) था। इनका बाल्यावस्था का नाम विद्याधरजी था। इनके तीन भाई थे, जिनमें दो क्षुल्लक-दीक्षा लेकर आचार्य महाराज के साथ ही ज्ञान-ध्यान में लीन हैं तथा दो बहिनें थीं, जो आचार्य धर्मसागरजी महाराज के संघ में आर्यिका की दीक्षा लेकर आत्म-साधना कर रही हैं। कैसे पूर्वभव के संस्कारी जीव हैं कि जिनका पूरा का



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पूरा परिवार गृह-त्याग कर आत्म कल्याण में निरत है। मात्र एक भाई उदासीन भाव से गृहस्थी का संचालन कर रहा है।

**चल पड़े घर छोड़कर**

बालक विद्याधर की प्रतिभा जन्म से ही कुशाग्र थी। केवल ९ वर्ष की अवस्था में प्रातःस्मरणीय आचार्य शान्तिसागरजी महाराज का उपदेश श्रवण कर अपने आपको धन्य माना। आपका शरीर गौर वर्ण तथा सौम्य मुद्रा से युक्त है। अल्प वय में ही इनकी ज्ञान-ज्योति प्रस्फुरित हो गई थी। हृदय की प्रेरणा से प्रेरित हो बालक विद्याधर गृहत्याग कर जयपुर की ओर चल पड़ा। और उस समय खानिया की नसिया में विद्यमान आचार्य देशभूषणजी महाराज से आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत लेकर परम प्रसन्नता का अनुभव करने लगा। ब्रह्मचर्य व्रत लेकर बालक विद्याधर स्व. आचार्य ज्ञानसागरजी के संपर्क में आया। आचार्य महाराज ने उसकी अन्तरात्मा को परखा और उसे सब प्रकार से योग्य मानकर विद्याध्ययन कराया।

**मुनिदीक्षा**

अजमेर के चातुर्मास में आषाढ़ शुक्ल पंचमी वि. स. २०२५ (३० जून १९६८) को आचार्य ज्ञानसागरजी ने ब्र विद्याधर को दिगम्बरी दीक्षा प्रदान की। गुरु-शिष्य का यह संयोग मणि-काञ्चन के संयोग के समान अत्यन्त आकर्षण का विषय रहा। विद्या तथा दीक्षा-गुरु के साथ रहकर मुनि विद्यासागरजी ने जैनागम के अगाध सागर में मनचाहा अवगाहन किया। उनके ज्ञान की गरिमा सर्वत्र फैलने लगी। विशाल संघ के आडम्बर से रहित मात्र गुरु और शिष्य का युगल विहार करता हुआ जहाँ पहुँच जाता था, वहाँ की जनता अपने भाग्य को सराहने लगती थी।

**आचार्यपद की प्राप्ति**

अपनी वृद्धावस्था का विचार कर आचार्य ज्ञानसागरजी महाराज ने अपने सुयोग्य शिष्य मुनि विद्यासागरजी को नसीराबाद में २१-११-७२ के दिन आचार्यपद से विभूषित किया। आचार्य विद्यासागर ने अपने गुरु की सेवा जितनी तत्परता और तन्मयता से की थी वह उस समय के दर्शकों के नेत्रों को आज भी सजल कर देती है। अभी ३१ अक्टूबर को कुण्डलपुर में अजमेर के एक सज्जन यह कहते-कहते कि '१० लाख की संपत्ति पाने वाला लड़का भी पिता की उतनी सेवा नहीं करता है जितनी कि आचार्य विद्यासागर ने अपने गुरु की की थी' आँसू पोंछने लगे।

**ग्रंथकार के रूप में**

आपका सतत् ज्ञानाभ्यास चलता है। एक क्षण भी आप व्यर्थ के विसंवाद में व्यतीत नहीं करते हैं। कोई विद्वान् यदि आपके दर्शनों के लिए आता है तो एक-दो बात करने के बाद ही आप तत्त्वचर्चा का प्रसंग छेड़ देते हैं। आप कुशल



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कवि हैं। कविता के माध्यम से आपने अनेक ग्रंथों की रचना की है। आपके द्वारा रचित कुछ ग्रंथों के नाम इस प्रकार हैं :

श्रमणशतक, निजानुभव शतक, निरञ्जन शतक, भावना शतक, योगसार, समाधितन्त्र, इष्टोपदेश, एकीभाव स्तोत्र, कल्याण मन्दिर स्तोत्र का पद्यमय अनुवाद आदि। अभी हाल कुण्डलपुर के द्वितीय चातुर्मास में आपने **समयसार** का वसन्ततिलका छन्द में सुन्दर अनुवाद किया है। पूज्य महाराज जी जब इस वसन्ततिलका छन्द को अपनी प्रकृति-प्रदत्त स्वर-लहरी के साथ पढ़ते हैं, तब श्रोता मन्त्रमुग्ध-सा स्थिर हो जाता है।

**शिष्य-परम्परा**

इस समय आपकी शिष्य-परम्परा में निम्नलिखित ऐलक और क्षुल्लक हैं :

श्री १०५ ऐलक दर्शनसागरजी,
श्री १०५ क्षुल्लक स्वरूपानन्दजी,
श्री १०५ ,, नियमसागरजी,
श्री १०५ ऐलक योगसागरजी,
श्री १०५ क्षुल्लक समयसागरजी,
श्री १०५ ,, चारित्रसागरजी।

**चातुर्मास श्रृंखला**

अब तक आपके निम्नलिखित स्थानों में चातुर्मास हो चुके हैं :—

| | | |
|---|---|---|
| अजमेर | सन् | १९६८ |
| ,, | ,, | १९६९ |
| किसनगढ़ | ,, | १९७० |
| ,, | ,, | १९७१ |
| नसीराबाद | ,, | १९७२ |
| ब्यावर | ,, | १९७३ |
| अजमेर | ,, | १९७४ |
| फिरोजाबाद | ,, | १९७५ |
| कुण्डलपुर | ,, | १९७६ |
| ,, | ,, | १९७७ |

**महातपस्वी**

यह देखकर आश्चर्य होता है और श्रद्धा से चरणों में मस्तक झुक जाता है कि आचार्य विद्यासागरजी दीक्षा के समय से ही पाँच रसों के त्यागी हैं। मात्र दूध लेते हैं। यदि किसी गृहस्थ के चौका में वह भी नहीं है तो उसकी आवश्यकता नहीं रहती। आप अपनी तथा शिष्यों की दिनचर्या पर कड़ी दृष्टि रखते हैं। शीतकाल में भी एक चटाई के सिवाय घास का उपयोग नहीं करते!



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आपके जीवन के अनेक संस्मरण हैं, जो इस प्रस्तावना के अल्पकाय लेख में गुम्फित नहीं किये जा सकते ।

**पुण्यशाली**

अन्तिम अननुबद्ध केवली श्रीधर स्वामी की निर्वाण-भूमि कुण्डलगिरि में आपके दो चातुर्मास हो चुके हैं। जहाँ मुनीम और पुजारी के सिवाय गृहस्थों के अन्य घर नहीं हैं, वहाँ चातुर्मास का संकल्प देख मुझे लगता था कि इस क्षेत्र पर संघ का निर्वाह किस प्रकार होगा; परन्तु पूज्य महाराज के पुण्य-परमाणुओं का आकर्षण देख आश्चर्य होता है कि उस कुण्डलपुर क्षेत्र पर चौका लगाने वाले भक्तों की एक लम्बी पारी खड़ी होती है और उसके नमोऽस्तु महाराज, अत्र तिष्ठ तिष्ठ की ध्वनि से आकाश-मण्डल गूँज उठता है। तपस्वी साधु के जिसके चौके में आहार हो जाते हैं वह अपने-आपको पुण्यशाली मानता है ।

इन्हीं परम तपस्वी आचार्य विद्यासागर जी की दिव्य लेखनी से प्रसूत यह जैन गीता है।

**जैन-गीता का प्रेरणा-सूत्र समणसुत्तं**

विश्ववन्द्य महात्मा गांधी के पदानुगामी एवं परम श्रद्धालु आचार्य विनोवा भावे की प्रेरणा से प्रभावित होकर ब्र. जिनेन्द्र वर्णी ने 'जिनधम्मसार' नाम का संकलन किया जो दिल्ली में हुई संगीति में सर्वसम्मत होने पर 'समणसुत्तं' नाम से प्रकाशित हुआ। इसका प्रकाशन सर्व सेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी के द्वारा हुआ। 'समणसुत्तं' प्राकृत-गाथाओं का संकलन है। उसके १. ज्योतिर्मुख, २. मोक्षमार्ग, ३. तत्त्व-दर्शन, और ४. स्याद्वाद शीर्षक चार खण्डों में जैन धर्म के प्रमुख सिद्धान्तों पर प्रकाश डालने वाली गाथाएँ संकलित हैं। अर्थवोध की सुगमता के लिए प्राकृत-गाथाओं के नीचे संस्कृत-छाया और सामने के पृष्ठ पर हिन्दी-गद्यानुवाद दिया गया है। चारों खण्डों में ७५६ गाथाएँ संकलित हैं। ये गाथाएँ दिगम्बर तथा श्वेताम्बर ग्रन्थों से ली गई हैं। जो गाथाएँ अपने मूल ग्रन्थों में प्रकरणानुसार यथास्थान स्थित थीं उन्हें वहाँ से लेकर एक नवीन ग्रंथ के रूप में प्रस्तुत किया गया है। जिस प्रकार विभिन्न स्थानों से लाकर विविध फूलों के पौधे एक उद्यान में लगाये जाते हैं और उनसे उस उद्यान को सुशोभित किया जाता है, उसी प्रकार इस **समणसुत्तं** में अनेक गाथाएँ संकलित की गई हैं और उनसे इस नूतन ग्रंथ को सुशोभित किया गया है।

इसी 'समणसुत्तं' की गाथाओं का पूज्यवर आचार्य विद्यासागरजी ने वसन्ततिलका छंद में 'जैनगीता' नाम से अनुवाद किया है। अनुवाद मूलानुगामी हैं और 'समणसुत्तं' के समान ७५६ पद्यों में पूर्ण हुआ है। वसन्ततिलका संस्कृत का छंद है। इसी छंद में जैनधर्म के प्रसिद्ध स्तोत्र भक्तामर और कल्याण मन्दिर स्तोत्र की रचना हुई है। यह छंद अनेक स्वरों में पढ़ा जाता है। संस्कृत का वर्णिक गण-प्रधान छंद होने



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

से यद्यपि इसमें संस्कृत शब्दों का समावेश अधिक मात्रा में हुआ है तथापि अर्थबोध में कठिनता नहीं होती है। जिस प्रकार महाकवि स्व. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' द्वारा संस्कृत वृत्तों में लिखा हुआ 'प्रियप्रवास' महाकव्य हिंदी-साहित्य की शोभा बढ़ा रहा है उसी प्रकार यह जैन गीता भी हिन्दी-साहित्य की शोभा बढ़ावेगी, यह आशा है।

'समणसुत्तं' के समान 'जैन गीता' को भी १. ज्योतिर्मुख, २. मोक्षमार्ग, ३. तत्त्वदर्शन, और ४. स्याद्वाद नामक चार खण्डों में विभक्त किया गया है। प्रथम खण्ड के १५ प्रकरणों में १९१ पद्य हैं। द्वितीय खण्ड के १८ प्रकरणों में ३९६ पद्य हैं। तृतीय खण्ड के ३ प्रकरणों में ७२ पद्य हैं और चतुर्थ खण्ड के ८ प्रकरणों में ९७ पद्य हैं। प्रत्येक खण्ड का विषय अपने शीर्षक से स्पष्ट है।

यहाँ उदाहरण के रूप में प्रत्येक खण्ड के कुछ गाथासूत्र और उनका अनुवाद प्रस्तुत किया जाता है–

१. ज्योतिर्मुख

१८. जिणवयणमोसहमिणं, विसयसुहविरेयणं अभिदभूयं ।
जरमरणवाहिहरणं खयकरणं सव्वदुक्खाणं ॥

–समणसुत्तं

१८. पीयूष है, विषय सौख्य-विरेचना है,
पीते सुशीघ्र मिटती चिर वेदना है।
भाई जरा मरण रोग विनाशती है,
संजीवनी सुखकरी 'जिनभारती' है॥

–जैनगीता

४०. णिच्छयमवलंवंता णिच्छयदो णिच्छयं अजाणंता ।
णासंति चरणकरणं बाहिरकरणालसा केई ॥

–समणसुत्तं

४०. जाने नहीं कि वह निश्चय चीज क्या है,
हैं मानते सकल बाह्य क्रिया वृथा है।
वे मूढ़ नित्य रट निश्चय की लगाते
चारित्र नष्ट करते, भव को बढ़ाते॥

–जैनगीता

५१. जाणिज्जइ चिंतिज्जइ जम्मजरामरणसंभवं दुक्खं ।
न य विसएसु विरज्जई अहो सुबद्धो कवटगंठी ॥

–समणसुत्तं



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

५१. हो वेदना जनम मृत्यु तथा जरा से,
ऐसा सभी समझते, सहसा सदा से ।
तो भी मिटी विषय, लोलुपता नहीं है,
मायामयी सुदृढ़ गाँठ खुली नहीं है ।।

—जैनगीता

२. मोक्षमार्ग

२८३. चत्ता पावारंभं समुट्ठिदो वा सुहम्मि चरियम्हि ।
ण जहदि जदि मोहादी ण लहदि सो अप्पगं सुद्धं ।।

—समणसुत्त

२८३. जो पंच पाप तज पावन पुण्य पाता,
हो दूर भी अशुभ से शुभ को जुटाता ।
रागादि भाव फिर भी यदि ना तजेगा,
शुद्धात्म को न मुनि होकर भी भजेगा ।।

—जैनगीता

५१८. अणु सोअइ अण्ण जणं अण्णभवंतरगयं तु वालजणो ।
न वि सोयइ अप्पाणं किलिस्समाणं भवसमुद्दे ।।

—समणसुत्त

५१८. तू ने भवाम्बु निधिमज्जित आतमा की
चिंता न की न अब लौं उससे दया की ।
पै वार-वार करता मृत साथियों की,
चिंता दिवंगत हुए उन वांधवों की ।।

—जैनगीता

३. तत्त्वदर्शन

'६१३. सेणावइम्मि णिहए जहा सेणा पणस्सई ।
एवं कम्माणि णस्संति मोहणिज्जे खयं गए ।।

—समणसुत्त

६१३. होता विनष्ट जब मोह अशान्तिदाई,
तो शेष कर्म सहसा नश जाय भाई ।
सेनाधिनायक भला रण में मरा हो,
सेना कभी बच सके ? न बचे जरा ओ ।।

—जैनगीता



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६४७. जह पउमरायरयणं खित्तं खीरे पभासयदि खीरं।
तह देही देहत्थो सदेहमत्तं पमासयदि ॥

—समणसुत्त

६४७. ज्यों दूध में पतित माणिक दूध को ही,
है लाल-लाल करता सुन मूढ़ मोही।
त्यों जीव देह थित हो निज देह को ही,
सम्यक् प्रकाशित करे, नहिं अन्य को ही॥

—जैनगीता

४. स्याद्वाद

७२५. ते सावेक्खा सुणया णिरवेक्खा ते वि दुण्णया होंति।
सयल ववहारसिद्धी सुणयादो होदि णियमेण॥

—समणसुत्त

७२५. सापेक्ष ही सुनय ही सुख को संजोते,
माने गये कुनय हैं निरपेक्ष होते।
संपन्न हो सुनय से व्यवहार सारे
नौका-समान भव-पार तुझे उतारे॥

—जैनगीता

७३५. णाणा जीवा णाणा कम्मं णाणाविहं हवे लद्धी।
तम्हा वयणविवादं सगपरसमएहिं वज्जिज्जो॥

—समणसुत्त

७३५. संसार में विविध कर्म-प्रणालियाँ हैं,
ये जीव भी विविध औ उपलब्धियाँ हैं।
भाई अतः मत विवाद करो किसी से
साधर्मि से, अनुज से, पर से, अरी से॥

—जैनगीतां

उपर्युक्त उद्धरणों से पाठक सहज ही समझ सकेंगे कि अनुवाद कितना मूलानुगामी है और उसमें मूलसूत्र का हार्द कितना पकड़ा गया। अनुवाद की भाषा एक प्रवाह में बह रही है। भाषा की सुगमता से अर्थबोध स्वयं होता जाता है। मैंने देखा है सागर में संपन्न हुए इस जैनगीता के अखण्ड पाठ को और भाव-विभोर होकर अनेक स्वर-लहरियों में पढ़ते हुए स्त्री-पुरुषों को।

संगीत में एक ऐसा अद्भुत आकर्षण होता है कि पाठक विवश हो स्वयं उस ओर बढ़ता चला जाता है। पूज्य आचार्यवर अपने प्रवचनों में ग्रंथों की गूढ़ ग्रंथियों



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

को जब सुगम शैली में प्रस्तुत करते हैं तब ऐसा भाव उठता है कि यदि महाराजजी गद्य में किसी मौलिक ग्रंथ की रचना करें तो उससे जनसाधारण का बहुत हित होगा और उदीयमान नवीन वक्ताओं को विविध शैलियों का परिचय प्राप्त होगा। भावना के अनुसार महाराज जी से प्रार्थना भी की गई; परन्तु उन्होंने हँस कर उत्तर दिया कि वे पाठक गद्य ग्रंथ को तो एक बार पढ़कर अलग रख देते हैं पर काव्य की भाषा में लिखे ग्रंथों को बार-बार पढ़ते हैं। चलते-फिरते, उठते-बैठते संगीतमय पंक्तियों को गुनगुनाते रहते हैं। जिनेन्द्रदेव के द्वारा प्रतिपादित सूत्र, अधिक-से-अधिक काल तक पाठकों के सामने रहे यह उत्तम बात है। बात ठीक भी है भारत का प्राचीनतम साहित्य जितना छन्दोबद्ध उपलब्ध है, उतना गद्य निबद्ध नहीं। व्याकरण और न्याय जैसे गहन विषय को भी कितने ही लेखकों ने छंदोबद्ध किया है।

### जैन सिद्धान्त सार्वकालिक और सार्वभौमिक

जैनधर्म के द्रव्य-स्वातन्त्र्य, अहिंसा, अपरिग्रह तथा अनेकान्त आदि सिद्धान्त सार्वकालिक और सार्वभौमिक हैं। इन सिद्धान्तों की उपयोगिता सदा से रही है और सदा काल रहेगी। मानव ने जिस समय इनकी अवहेलना की है, उसी समय उसका जीवन कण्टकापूर्ण हुआ है और जब उसने इनका समादर किया है तब इसका जीवन सुखमय हुआ है। मेरा तो विश्वास है कि धर्म का आविर्भाव जनकल्याण की भावना से ही किया गया है। किसी भी धर्म का उद्देश्य किसी को कष्ट पहुँचाना नहीं है। जब मनुष्य सत्यग्राही न बन कर दुराग्रही हो जाता है तभी पारस्परिक संघर्ष की वृद्धि होती है; अतः आचार्य विनोबा भावे के शब्दों में सबको सत्यग्राही होना चाहिये। जिस धर्म में जो सत्य दिखे उसे नम्रता के साथ ग्रहण करना चाहिये। अनेकान्त का हार्द भी यही है। इसी विधि से धार्मिक विवादों का समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

### 'श्रमण' शब्द की व्याख्या

कुन्दकुन्द स्वामी ने प्रवचनसार के प्रारम्भ में मोह और क्षोभ से रहित आत्मा के साम्य परिणाम को धर्म कहा है। इस धर्म को ही उन्होंने चारित्र संज्ञा दी है। वास्तव में धर्म आत्मा का निज भाव है इसलिए आत्मा के आश्रय से ही उसकी उद्भूति होती है। आत्म स्वभाव की उद्भूति में जो शुभभाव और शरीर के माध्यम से होने वाली शुभक्रियाएँ सहायक हैं उन्हें कारण में कार्य का उपचार कर धर्म कहा जाता है। आत्मा का स्वभाव पूर्ण वीतराग तथा सर्वज्ञता से सम्पन्न है। ज्ञानी जीव का पुरुषार्थ इसी आत्मस्वभाव को प्रकट करने में तत्पर होता है।

श्रमण मुद्रा ऐसे ही पुरुषार्थी जीवों की मुद्रा है। इस मुद्रा को धारण किये बिना उपयुक्त पुरुषार्थ में सफलता नहीं मिलती प्राकृत के 'समण' शब्द की संस्कृत छाया श्रमण, शमन अथवा समन होती है। जो अपने विकारों को नष्ट करने



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के लिए श्रम-यत्न कर रहा है वह श्रमण है। जिसने क्रोधादि कषायों को गृहस्थों की अपेक्षा अधिक शान्त कर लिया है वह शमन है और जिसने इष्ट-अनिष्ट पदार्थों में होने वाले राग-द्वेष को नष्ट कर मध्यस्थ भाव धारण कर लिया है वह समन है। श्रमण शब्द की परिभाषा स्थापित करते हुए कुन्दकुन्द स्वामी ने प्रवचनसार के चारित्राधिकार में कहा है–

समसत्तु वंधुवग्गो समसुहदुक्खोपसंसणिंद समो।
समलोड्‌ढु कंचणो पुण जीविद मरणे समो समणो।।४१।।

जिसे शत्रु और वन्धुओं का समूह समन है, जो सुख-दुःख, प्रशंसा और निंदा में साम्यभाव रखता है, पाषाण खंड और सुवर्ण में जो सम है तथा जीवन और मरण में जो मध्यस्थ रहता है, वह श्रमण (समन) है।

इसी संदर्भ में और भी कहा है–

दंसणणाणचरित्तेसु तीसु जुगवं समुट्ठिदो जो दु।
एमग्गगदोत्ति मदो सामण्णं तस्स परिपुण्णं ।।४२।।

जो दर्शन, ज्ञान और चारित्र इन तीनों में एक साथ उद्यमवंत है तथा उन्हीं में एकाग्रता को प्राप्त है उसी का श्रामण्य–श्रमणपना–परिपूर्ण होता है।

शमन शव्द की व्याख्या करते हुए कहा है—

मुज्झदि वा रज्जदि वा दुस्सदि वा दव्वमण्ण मासेज्ज।
जदि समणो अण्णाणी वज्झदि कम्मेहिं विविहेहिं ।।४३।।

अत्थेसु जो ण मुज्झदि ण हि रज्जदि णेव दोस मुवयादि।
समणो जदि सो णियदं स्ववेदि कम्माणि विविधाणि ।।४४।।

जो श्रमण अन्य द्रव्य को प्राप्त कर यदि राग और द्वेष करता है, तो वह अज्ञानी है तथा विविध कर्मों से वन्ध को प्राप्त होता है। इसके विपरीत जो अन्य पदार्थों में न मोह करता है, न राग करता है और न द्वेष करता है वह शमन नियम से विविध कर्मों का क्षय करता है।

जैनधर्म प्रतिपादित आचार का उज्ज्वल रूप श्रमण मुद्रा में ही परिलक्षित होता है, रागद्वेष की दलदल में फंसे हुए गृहस्थ के वेष में नहीं; इसीलिए जैनधर्म और श्रमणधर्म को पर्यायवाची कहा गया है। जैन श्रमण का आहार-विहार इतना उत्कृष्ट है कि उसमें छोटे-से-छोटे जीव की भी रक्षा का अभिप्राय रखा गया है। दूसरे शव्दों में यह कहा जा सकता है कि श्रमण जैनधर्म के प्रतीक हैं। उनके लक्ष्य, आचार, सिद्धान्त और कथन-शैली को प्रतिपादित करने वाली प्राचीन गाथाएँ समणसुत्त में संकलित हैं और उनका श्रुति-सुभग कर्ण-कमनीय हिन्दी-पद्यानुवाद पूज्य आचार्य महाराज ने अपनी दिव्य लेखनी से प्रस्तुत किया है।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जिस प्रकार भगवद् गीता का देश-विदेश में प्रचार है, उसी प्रकार इस जैन गीता का भी देश-विदेश में प्रचार होगा। वाणी की प्रभुता वक्ता की प्रभुता से बढ़ती है। जैन गीता की वाणी एक परम तपस्वी साधु की वाणी है, इसलिए इसकी प्रभुता दिनोंदिन बढ़ेगी, इसके आगे चलकर अनेक सुन्दर संस्करण निकलेंगे यह मेरा आत्मविश्वास है।

**आभार प्रदर्शन**

इस जैनगीता के प्रकाशन में सागर के उदीयमान, भद्र परिणामी, नवयुवक संतोषकुमारजी और धार्मिक गतिविधियों में सदा साथ देने वाले सि. जीवेन्द्रकुमारजी, अध्यक्ष मुनि संघ स्वागत समिति, सागर का योगदान सर्वोपरि है। ये दोनों महानुभाव कुण्डलपुर में संपन्न दोनों चातुर्मासों में पूज्य आचार्य महाराज के पास वार-वार जाते-आते रहे हैं और प्रकाशन के लिए जैन गीता की पाण्डुलिपि प्राप्त करने में सफल हुए हैं इसलिए धन्यवाद के पात्र हैं। इनके सिवाय अन्य जिन महानुभावों ने इसके प्रकाशन में आर्थिक सहयोग दिया है उन सबके प्रति नम्र आभार प्रदर्शित करता हूँ। इन्दौर-निवासी डॉ. नेमीचन्दजी, संपादक 'तीर्थंकर' ने इंदौर के नई दुनिया प्रेस में इसके प्रकाशन की व्यवस्था जमा दी तथा प्रूफ आदि देखकर सहयोग दिया इसके लिये उनका आभारी हूँ। प्रास्ताविक के रूप में कुछ प्रारंभिक पंक्तियाँ लिखने के लिए पूज्य आचार्य महाराज का मेरी ओर कुछ भाव प्रकट हुआ इसलिए श्रद्धासुमन के रूप में ही कुछ पंक्तियाँ लिखकर अपने-आप को भाग्यशाली मानता हूँ। प्रार्थना है कि आचार्य महाराज इसी प्रकार अपनी रचनाओं से प्राणिमात्र का कल्याण करते रहें।

मध्यप्रदेश,
सागर
कार्तिक कृष्णा ११, सं. २५०५
७ नवम्बर १९७७

विनीत
पन्नालाल साहित्याचार्य,
मंत्री,
भारतवर्षीय दि. जैन विद्वत्परिषद्



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

# प्रकाशकीय

भारत भू पर गंगा-यमुना आदि पवित्र नदियाँ प्रवहमान हुईं जिनकी चरण-रज विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार व बंगाल को मिली। तीर्थंकरों ने निर्वाण-पद प्राप्त किया वे स्थान भी गुजरात, सौराष्ट्र और विहार में ही वहुतायत से हैं। केवल अंतिम केवली श्रीधर स्वामी का ध्यान बुन्देलखड की ओर आकृष्ट हुआ और वे कुंडलगिरि की ओर मुड़े एव परम पद प्राप्त किया। उनके आदर्श का अनुगमन कर ज्ञान-गंगा की एक धारा भी इस ओर मुड़ी। वह धारा है श्री १०८ आचार्य विद्या सागर जी के रूप में; जिन्होंने अपने १९७६ एवं ७७ के चातुर्मास योग में उस धारा को प्रवाहित किया जिसका एक विन्दु है "जैन गीता"।

**बा, बा, बा वा बा**

"समणसुत्तम्" का श्लोकानुवाद है "जैन गीता"। जिसका उद्भव हुआ आचार्य विनोवा भावे से (वावा)। वावा की प्रेरणा मिली अन्य मुनि श्री विद्यानंदजी, मुनि श्री जनक विजयजी, मुनिश्री सुशीलकुमारजी, मुनि श्री नथमलजी और ग्रंथ-संकलनकर्ता जिनेंद्रवर्णीजी को, जो संगीति के अध्यक्ष हैं एवं सभी हैं "वावा"। ऐसा ही एक वावा बुन्देलखंड में उत्पन्न हुआ। जिसका जन्म हंसरा (मड़ावरा) ग्राम में हुआ और कर्मभूमि जिसकी वनने का सौभाग्य सागर को प्राप्त हुआ। थे "पूज्य वर्णी वावा"।

अपने अध्यवसाय से धर्ममाता चिरोंजावाई का आश्रय पाकर विद्यार्थी "गणेश" "वर्णी गणेश" वना और अंत में वन गया "मुनि गणेश कीर्ति"।

बुन्देलखंड को जो ज्ञान-प्रकाश मिला वह अपूर्व देन है "वर्णी वावा" की, जिसने अपने को "वावा" वनने में प्रवेशद्वार माना कुंडलगिरि को और सप्तम प्रतिमा के व्रत लिये "वड़े वावा" से।

इतिहास परिचायक है कि वड़े बावा की जानकारी दी नेमिचन्द्र आचार्य जी ने। भारतवर्ष को स्वतंत्रता दिलाने वाले आद्य नेता थे "गाँधी वावा"; जिनका प्रभाव पड़ा आचार्य विनोवा भावे (वावा) पर और जिन्होंने "समण



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुत्तम्" में स्वीकारा कि–"मुझ पर गीता का गहरा असर है उस गीता को छोड़कर महावीर से वढ़कर किसी का असर मेरे चित्त पर नहीं"।

उपरोक्त सभी "वावाओं" के आराध्य हैं कुंडलगिरि के "वड़े वावा" जिनके चरण-सान्निध्य में मूलानुगामी पद्यानुवाद किया आचार्य विद्या सागर "वावा" ने। आचार्य श्री ने अपने इन दोनों १९७६ एवं १९७७ के चातुर्मासों में "भावना शतक," "निरंजन शतक," ग्रंथराज "समयसार" के हिन्दी-अनुवाद आदि के लेखन द्वारा जैन वाङ्मय की जो सेवा की है वह सराहनीय एवं प्रशंसनीय है; उसी साहित्य श्रृंखला में "जैनगीता" आपके कर कमलों में देकर विशेष गौरव एवं हर्ष का अनुभव करता हूँ।

सागर-निवासी सभी धर्मप्रेमी समाज ने चाहा था कि आचार्य श्री का वर्ष १९७७ का चातुर्मास सागर में हो परन्तु वह सुयोग इस वर्ष न मिल सका; केवल उस ज्ञान-धारा का एक विन्दु "जैनगीता" के रूप में सागर को मिला और सागर ने उसे अपने में ही सीमित न रखने की विशाल भावना से ओत-प्रोत होकर इस ज्ञान-कण को जन-जन तक पहुँचाने की भावना प्रकट की और "मुनिसंघ स्वागत-समिति" सागर को इसके प्रकाशन का भार सौंपा। उपरोक्त भार समिति के अध्यक्ष के नाते निभाना अपना परम कर्त्तव्य मान शिरोधार्य किया। "जैन गीता" समणसुत्तम् के प्राकृत मूल के साथ आचार्यश्री के प्रिय वसंततिलका छंद में मूलानुगामी पद्यानुवाद है, जो प्रस्तुत है।

हम सर्वप्रथम श्रद्धावनत हैं पूज्य श्री १०८ विद्यासागरजी महाराज के जिन्होंनें एक रूखे-भूखे बुन्देलखंड प्रदेश को अपनाया व अनेक ग्रंथों की रचना कर धर्म, ज्ञान और चारित्र की अपूर्व महिमा को प्रकटाया।

भमिका-लेखन में हमें भारतवर्ष के ख्यातिप्राप्त राष्ट्रपति-पुरस्कार विजेता, जिनवाणी के प्रखर वक्ता स्वनामधन्य डा. पं. पन्नालालजी "साहित्याचार्य" द्वारा जो सहयोग प्राप्त हुआ है, वह अत्यन्त प्रशंसनीय है। समिति उनकी अत्यंत आभारी है।

निरन्तर प्रकाशन के कार्य की प्रेरणा देने वाले भद्र परिणामी उदीयमान युवक हैं श्री संतोष कुमारजी (बैटरी वाले) जिनके एक वड़े आर्थिक सहयोग एवं अभिरुचि का परिणाम है यह प्रकाशन; अत: वे भी समिति के धन्यवाद के पात्र हैं।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धर्म में रुचि रखने वाले श्री हरीशंकरजी राठौर की यह समिति अत्यंत कृतज्ञ है जो कुंडलगिरि में आचार्यश्री के दर्शन कर इतने प्रभावित हुए कि अपनी फर्म मेसर्स नाथूराम पन्नालाल की ओर से ५०१) इस प्रकाशन में भेंट किये। समिति उक्त फर्म के सभी महानुभावों का आभार मानती है।

प्रकाशन में सबसे बड़ा सहयोग मिला मासिक पत्रिका 'तीर्थंकर' के सम्पादक आदरणीय डा. नेमीचन्दजी इन्दौर से, जिन्होंने अपनी अस्वस्थता एवं असुविधा के होते हुए भी इस प्रकाशन का भार उठाया और नई दुनिया प्रेस से प्रकाशित कराने में हमारा सहयोग किया। समिति हमेशा उनकी आभारी रहेगी।

नई दुनिया प्रेस ने मुद्रण में जो सहयोग प्रदान किया है इस संस्था के सभी सहयोगी महानुभावों का हमारी समिति आभार मानती है। हम आभारी हैं श्रीकृष्णराज मेहता, संचालक, सर्व सेवा संघ, वनारस के, जिन्होंने "समण सुत्तं" का प्रकाशन कर एक समन्वय मंच की प्रतिष्ठापना की।

अंत में "मुनिसंघ स्वागत समिति" सागर एक वार पुनः आचार्य श्री १०८ विद्यासागरजी महाराज के चरणों में विनयावनत हो भगवान् जिनेन्द्र से प्रार्थना करती है कि मोक्षमार्ग के ऐसे प्रणेता चरित्र के धनी, षोड्शकारण भावनाओं का निरन्तर पालन करने वाले लोकोपकार की भावना रखने वाले, आचार्यश्री को तीर्थंकर प्रकृति का वन्ध हो और आगामी भविष्य में वे मुक्ति वरें।

हे बोधिवृक्ष, हे योगीश्वर, हे गंगा, जैसे विमल तीर।
वुन्देलखंड का खंड-खंड तव दर्शन को हो क्षण-क्षण ॥

सिं. जीवेन्द्र कुमार
अध्यक्ष,
श्री मुनिसंघ स्वागत समिति, सागर

उपरोक्त प्रकाशन में आर्थिक सहायता देने वाले महानुभाव—

१५०१) श्री संतोष कुमारजी, कटरा, सागर
५०१) श्री नाथूराम पन्नालाल, तिलकगंज, सागर
५०१) श्री सिंघई जीवन कुमार, तिलकगंज, सागर
५०१) श्री मुनि संघ स्वागत समिति, सागर
एतदर्थ धन्यवाद।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

।। श्री वीतरागाय नमः ।।

छन्द–वसन्ततिलका

# विद्या-स्तवन

है कीर्ति पूर्ण जग में जिनकी समाई,
वैराग्य में रंग गये पितु मातु भाई ।
हैं भद्रमूर्ति मन में छल ना विकार,
विद्यादिसागर जजैं निज हो विहार ।।१।।

पा 'ज्ञानसागर' गुरु गरिमा वढ़ाई,
औ ! ज्ञानलक्ष्मि जिनके उर में समाई ।
स्या(त्)वाद से विमल हैं जिनके विचार,
विद्यादिसागर जजैं निज हो विहार ।।२।।

वाणी सुधारस सदा सवको पिलाते,
अज्ञान, भेद, मत-संशय को मिटाते ।
ऐसे जिनेन्द्र लघु हैं जग में प्रचार,
विद्यादिसागर जजैं निज हो विहार ।।३।।

है संघ पूर्ण, जग से परिमुक्त नेता,
ध्यानादि लीन तप इन्द्रिय के विजेता ।
देवादि क्या मनुज नाग किया सुप्यार,
विद्यादिसागर जजे निज हो विहार ।।४।।

हैं धर्ममूर्ति अनुकूल चतुर्थ काल,
ले भव्य पाद-रज से उर मुक्तिमाल ।
हो 'सन्मति', मुनि वनूं मन का विचार,
विद्यादिसागर जजै निज हो विहार ।।५।।

–क्षु. सन्मतिसागर



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



श्री १०८ पूज्यवर आचार्य विद्यासागरजी महाराज

समणसुत्तं/पद्यानुवाद/१६७८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

# समणसुत्तं

## पद्यानुवाद

प्रथम खण्ड

## ज्योतिर्मुख

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

# समणसुत्तं का पद्यानुवाद

## मंगलसूत्र

वसन्ततिलका

१. णमो अरहंताणं । णमो सिद्धाणं । णमो आयरियाणं ।
णमो उवज्झायाणं । णमो लोए सव्वसाहूणं ॥१॥

२. एसो पंचणमोक्कारो, सव्वपावप्पणासणो ।
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं ॥२॥

३. अरहंता मंगलं । सिद्धा मंगलं । साहू मंगलं ।
केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं ॥३॥

४. अरहंता लोगुत्तमा । सिद्धा लोगुत्तमा । साहू लोगुत्तमा ।
केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो ॥४॥

५. अरहंते सरणं पव्वज्जामि । सिद्धे सरणं पव्वज्जामि ।
साहू सरणं पव्वज्जामि ।
केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि ॥५॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

# समणसुत्तं का पद्यानुवाद

## मंगलसूत्र

### वसन्ततिलका

हे शान्त सन्त अरहन्त अनन्त ज्ञाता,
हे शुद्ध बुद्ध शिव सिद्ध अवद्ध धाता।
आचार्य वर्य उवझाय सुसाधु सिन्धु,
मैं वार-वार तुम पाद पयोज बंदूं ॥१॥

हैं मूलमन्त्र नवकार सुखी वनाता,
जो भी पढ़े विनय से अघ को मिटाता।
है आद्य मंगल यही सब मंगलों में,
ध्याओ इसे न भटको जग-जंगलों में ॥२॥

सर्वज्ञदेव अरहन्त परोपकारी,
श्री सिद्ध वन्द्य परमातम निर्विकारी।
श्री केवली कथित आगम साधु प्यारे,
ये चार मंगल, अमंगल को निवारे ॥३॥

श्री वीतराग अरहन्त कुकर्मनाशी,
श्री सिद्ध शाश्वत सुखी शिवधामवासी।
श्री केवली कथित आगम साधु प्यारे,
ये चार उत्तम, अनुत्तम शेष सारे ॥४॥

ये वाल भानु सम हैं अरहन्त स्वामी,
लोकाग्र में स्थित सदाशिव सिद्ध नामी।
श्री केवली कथित आगम साधु प्यारे,
ये चार ही शरण हैं जग में हमारे ॥५॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६. झायहि पंच वि गुरवे, मंगलचउसरणलोयपरियरिए ।
णर-सुर-खेयर-महिए, आराहणणायगे वीरे ।।६।।

७. घणघाइकम्ममहणा, तिहुवणवरभव्व-कमलमत्तंडा ।
अरिहा अणंतणाणी, अणुवमसोक्खा जयंतु जए ।।७।।

८. अट्ठविहकम्मवियला, णिट्ठियकज्जा पणट्ठसंसारा ।
दिट्ठसयलत्थसारा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ।।८।।

९. पंचमहव्वयतुंगा, तक्कालिय-सपरसमय-सुदधारा ।
णाणागुणगणभरिया, आइरिया मम पसीदंतु ।।९।।

१०. अण्णाणघोरतिमिरे, दुरंततीरम्हि हिंडमाणाणं ।
भवियाणुज्जोययरा, उवज्झाया वरमदिं देंतु ।।१०।।

११. थिरधरियसीलमाला, ववगयराया जसोहपडिहत्था ।
बहुविणयभूसियंगा सुहाइं साहू पयच्छंतु ।।११।।

१२. अरिहंता, असरीरा, आयरिया, उवज्झया मुणिणो ।
पंचक्खरनिप्पण्णो, ओंकारो पंच परमिट्ठी ।।१२।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जो श्रेष्ठ हैं शरण, मंगल कर्मजेता,
आराध्य हैं परम हैं शिवपंथ नेता।
हैं वन्द्य खेचर, नरों, असुरों, सुरों के,
वे ध्येय, पंच गुरु हों, हम बालकों के ॥६॥

है घातिकर्मदल को जिसने नशाया,
विज्ञान पा सुख अतुल्य अनन्त पाया।
है भानु, भव्यजनकंज विकासते हैं,
शुद्धात्म की विजय ही अरहन्त वे हैं ॥७॥

कर्त्तव्य था कर लिया, कृतकृत्य दृष्टा,
हैं मुक्त कर्मतन से निज द्रव्य स्रष्टा।
हैं दूर भी जनन मृत्यु तथा जरा से,
वे सिद्ध सिद्धिसुख दें मुझको जरा से ॥८॥

ज्ञानी, गुणी मतमतान्तर ज्ञान धारे,
संवाद से सहज वाद-विवाद टारे।
जो पालते परम पाँच महाव्रतों को,
आचार्य वे सुमति दें हम सेवकों को ॥९॥

अज्ञान रूप-तम में भटके फिरे हैं,
संसारि जीव हम हैं दुःख से घिरे हैं।
दो ज्ञान ज्योति उवझाय व्यथा हरो ना !
ज्ञानी बनाकर कृतार्थ हमें करो ना ॥१०॥

अत्यन्त शान्त विनयी समदृष्टि वाले,
शोभें प्रशस्त यश से शशि से उजाले।
हैं वीतराग परमोत्तम शीलवाले,
वे प्राण डालकर साधु मुझे बचा ले ॥११॥

अर्हत् अकाय परमेष्ठि विभूतियों के,
आचार्यवर्य, उवझाय, मुनीश्वरों के।
जो आद्य वर्ण, अ, अ, आ, उ, म को निकालो,
'ओं'कार पूज्य बनता, क्रमशः मिला लो ॥१२॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१३. उसहमजियं च वंदे, संभवमभिणंदणं च सुमइं च।
पउमप्पहं सुपासं, जिणं च चंदप्पहं वंदे ॥१३॥

१४. सुविहिं च पुप्फयंतं, सीयल सेयंस वासुपुज्जं च।
विमलमणंत-भयवं धम्मं संतिं च वंदामि ॥१४॥

१५. कुंथुं च जिणवरिंदं, अरं च मल्लिं च सुव्वयं च णमिं।
वंदामि रिट्ठणेमिं, तह पासं वड्ढमाणं च ॥१५॥

१६. चंदेहिं णिम्मलयरा, आइच्चेहिं अहियं पयासंता।
सायरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥१६॥

## २. जिनशासन सूत्र

१७. जमल्लीणा, जीवा, तरंति संसारसायरमणंतं।
तं सव्वजीवसरणं, णंददु जिणसासणं सुइरं ॥१॥

१८. जिणवयणमोसहमिणं, विसयसुह-विरेयणं अमिदभयं।
जरमरणवाहिहरणं, खयकरणं सव्वदुक्खाणं ॥२॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आदीश है अजित संभव मोक्ष धाम,
वन्दूं गुणौघ अभिनन्दन हैं ललाम।
सद्भाव से सुमति पद्म सुपार्श्व ध्याऊं,
चन्द्रप्रभु चरण से चिति ना चलाऊं ॥१३॥

श्री पुष्पदन्त शशि-शीतल शील पुंज,
श्रीयांस पूज्य, जगपूजित वासुपूज्य।
आदर्श से विमल, सन्त अनन्त धर्म,
मैं शान्ति को नित नमूँ मिल जाय शर्म ॥१४॥

श्री कुन्थुनाथ अरनाथ सुमल्लि स्वामी,
सद्बोध धाम मुनिसुव्रत विश्व नामी।
आराध्य देव नमि और अरिष्ट नेमी,
श्री "पार्श्व वीर" प्रणमूँ, निज धर्म प्रेमी ॥१५॥

है भानु से अधिक भासुरकान्ति वाले,
निर्दोष है इसलिए शशि से निराले।
गंभीर नीर-निधि से जिन सिद्ध प्यारे,
संसार-सागर सुतीर मुझे उतारें, ॥१६॥

## २. जिन शासन सूत्र

हो के विलीन जिसमें मन मोद पाते,
है भव्य जीव भववारिधि पार जाते।
श्री जैन शासन रहे जयवन्त प्यारा,
भाई वही शरण, जीवन है हमारा ॥१७॥

पीयूष है, विषय-सौख्य विरेचना है,
पीते सुशीघ्र मिटती चिर वेदना है।
भाई जरा मरण रोग विनाशती है,
संजीवनी सुखकरी "जिनभारती" है ॥१८॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१९. अरहंतभासियत्थं, गणहरदेवेहिं गंथियं सम्मं ।
पणमामि भत्तिजुत्तो, सुदणाणमहोदहिं सिरसा ॥३॥

२०. तस्स मुहुग्गदवयणं, पुव्वावरदोसविरहियं सुद्धं ।
आगममिदि परिकहियं, तेण दु कहिया हवंति तच्चत्था ॥४॥

२१. जिणवयणे अणुरत्ता, जिणवयणं जे करेंति भावेण ।
अमला असंकिलिट्ठा, ते होंति परित्तसंसारी ॥५॥

२२. जय वीयराय ! जयगुरू ! होउ मम तुह पभावओ भयवं ।
भवणिव्वेओ मग्गाणुसारिया इट्ठफल सिद्धी ॥६॥

२३. ससमय-परसमयविऊ, गंभीरो दित्तिमं सिवो सोमो ।
गुणसयकलिओ जुत्तो, पवयणसारं परिकहेउं ॥७॥

२४. जं इच्छसि अप्पणतो, जं च ण इच्छसि अप्पणतो ।
तं इच्छ परस्स वि या, एत्तियगं जिणसासणं ॥८॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जो भी लखा सहज से अरहन्त गाया,
सत् शास्त्र वाद, गणनायक ने वनाया।
पूजूं इसे मिल गया श्रुतबोध सिन्धु,
पी, विन्दु, विन्दु, हरविन्दु समेत वन्दूँ ।।१९।।

प्यारी जिनेन्द्र मुख से निकली सुवाणी,
है दोष की न मिलती जिसमें निशानी।
ओ हो विशुद्ध परमागम है कहाता,
देखो वही सव पदार्थ-यथार्थ-गाथा ।।२०।।

श्रद्धा समेत जिन आगम जो निहारे,
चरित्र भी तदनुसार सदा सुधारे।
संक्लेश भाव तज निर्मल भाव धारे,
संसारि जीवन परीत वनाय सारे ।।२१।।

हे "वीतराग" जगदीश कृपा करो तो,
हे विज्ञ, ज्ञान मुझ वालक में भरो तो।
होऊँ विरक्त तन से शिवमार्गगामी,
मैं केवली विमल निर्मल विश्व नामी ।।२२।।

है ओज तेज झरता मुख से शशी है,
गंभीर, धीर, गुण, आगर है वशी है।
वे ही स्वकीय परकीय सुशास्त्र ज्ञाता,
खोलें जिनागम रहस्य सुयोग्य शास्ता ।।२३।।

जो भी हिताहित यहाँ निज के लिए है,
वे ही सदैव समझो पर के लिए है।
है जैन शासन यही करुणा सिखाता,
सत्ता सभी सदृश्य है सवको दिखाता ।।२४।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ३. संघ सूत्र

२५. संघो गुणसंघाओ, संघो य विमोचओ य कम्माणं।
दंसणणाणचरित्ते, संघायंतो हवे संघो ॥१॥

२६. रयणत्तयमेव गणं, गच्छं गमणस्स मोक्खमग्गस्स।
संघो गुण संघादो, समयो खलु णिम्मलो अप्पा ॥२॥

२७. आसासो वीसासो, सीयघरसमो य होइ मा भाहि।
अम्मापितिसमाणो, संघो सरणं तु सव्वेसिं ॥३॥

२८. नाणस्स होइ भागी, थिरयरओ दंसणे चरित्ते य।
धन्ना गुरुकुलवासं, आवकहाए न मुंचंति ॥४॥

२९. जस्स गुरुम्मि न भत्ती, न य बहुमाणो न गउरवं न भयं।
न वि लज्जा न वि नेहो, गुरुकुलवासेण किं तस्स ? ॥५॥

३०-३१. कम्मरयजलोहविणिग्गयस्स, सुयरयणदीहनालस्स।
पंचमहव्वयथिरकण्णियस्स, गुणकेसरालस्स ॥६॥

सावगजणमहुयरपरिवुडस्स, जिणसूरतेयबुद्धस्स।
संघपउमस्स भद्दं, समणगणसहस्सपत्तस्स ॥७॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ३. संघ सूत्र

है शीघ्र से सकल कर्म कलंक धोता,
ना दोषं धाम वह तो गुण धाम होता।
हो एकमेक जिससे दृग बोध वृत्त,
जानो सभी सतत "संघ" उसे प्रशस्त ॥२५॥

सम्यक्त्व बोध व्रत को 'गण' नित्य मानो,
है 'गच्छ' मोक्ष पथ पै चलना सुजानो।
सत् संघ है गुण जहाँ उभरे हुए हैं,
शुद्धात्म ही समय है, गुरु गा रहे हैं ॥२६॥

आओ यहाँ अभय है भव भीत भाई,
धोखा नहीं, न छल, शीतलता सुहाई।
माता पिता सब समा नहिं भेद नाता,
लो संघ की शरण, सत्य अभेद भाता ॥२७॥

सम्यक्त्व में चरित में अति प्रौढ़ होते,
विज्ञान रूप सर में निज को डुबोते।
जो संघ में रह स्वजीवन को विताते,
वे धन्य हैं सफल जीवन को वनाते ॥२८॥

जो भक्ति भाव रखता गुरु में नहीं है,
लज्जा न नेह भय भी गुरु से नहीं है।
सम्मान गौरव कभी यदि ना करेगा,
ओ व्यर्थ में गुरुकुली बन क्या करेगा? ॥२९॥

भाई अलिप्त सहसा विधि नीर से है,
उत्फुल्ल भी जिनय सूर्यप्रकाश से है।
सागार भव्य अलि आ गुण गा रहे हैं,
गाते जहाँ प्रगुण केसर पी रहे हैं ॥३०॥

भाती जहाँ वह महाव्रत कर्णिका है,
ना नाप भी श्रुतमयी-सुमृपालका है।
घेरे हुए, श्रमणरूप सहस्रपत्र,
ओ "संघ पद्म" जयवन्त रहे पवित्र ॥३१॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ४. निरूपण सूत्र

३२. जो ण पमाणणयेहिं, णिक्खेवेणं णिरिक्खदे अत्थं ।
तस्साजुत्तं जुत्तं, जुत्तमजुत्तं च पडिहादि ।।१।।

३३. णाणं होदि पमाणं, णओ वि णादुस्स हिदयभावत्थो ।
णिक्खेओ वि उवाओ, जुत्तीए अत्थपडिगहणं ।।२।।

३४. णिच्छयववहारणया, मूलभेया णयाण सव्वाणं ।
णिच्छयसाहणहेउं, पज्जयदव्वत्थियं मुणह ।।३।।

३५. जो सिय भेदुवयारं, धम्माणं कुणइ एगवत्थुस्स ।
सो ववहारो भणियो, विवरीओ णिच्छयो होइ ।।४।।

३६. ववहारेणुवदिस्सइ, णाणिस्स चरित्तं दंसणं णाणं ।
ण वि णाणं ण चरित्तं, न दंसणं जाणगो सुद्धो ।।५।।

३७. एवं ववहारणओ, पडिसिद्धो जाण णिच्छयणयेण ।
णिच्छयणयासिदा पुण, मुणिणो पावंति णिव्वाणं ।।६।।

३८. जह ण वि सक्कमणज्जो, अणज्जभासं विणा उ गाहेउं ।
तह ववहारेण विणा, परमत्थुवएसणमसक्कं ।।७।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ४. निरूपण सूत्र

निक्षेप और नय, पूर्ण प्रमाण द्वारा,
ना अर्थ को समझता यदि जो सुचारा।
तो सत्य तथ्य विपरीत प्रतीत होता,
होता असत्य सव सत्य, उसे डुबोता ॥३२॥

निक्षेप है वह उपाय सुजानने का,
होता वही नय निजाशय ज्ञानियों का।
तू ज्ञान को समझ सत्य प्रमाण भाई,
यों युक्तिपूर्वक पदार्थ लखे, भलाई ॥३३॥

दो मूल में नय सुनिश्चित, औ व्यावहार,
विस्तार शेष इनका करता प्रचार।
पर्याय-द्रव्य नय है नय दो नयों में,
होते सहायक सुनिश्चय साधने में ॥३४॥

धारे अनन्त गुण यद्यपि द्रव्य सारे,
तो भी 'सुनिश्चय' अखंड उन्हें निहारे।
पै खंडखंड कर द्रव्य अखंड को भी,
देखे कथंचित यहां "व्यवहार" सो ही ॥३५॥

विज्ञान औ चरित, दर्शन विज्ञ के हैं,
जाते कहे, सकल वे व्यवहार से हैं।
ज्ञानी परन्तु वह ज्ञायक शुद्ध प्यारा,
ऐसा नितान्त नय निश्चय ने निहारा ॥३६॥

है नित्य निश्चय निषेधक, मोक्ष दाता,
होता निषिद्ध व्यवहार नहीं सुहाता।
लेते सुनिश्चय नयाश्रय संत योगी,
निर्वाण प्राप्त करते, तज भोग भोगी ॥३७॥

बोलो न आंग्ल नर से यदि आंग्ल भाषा,
कैसे उसे सदुपदेश मिले प्रकाशा !
सत्यार्थ को न व्यवहार बिना बताया—
जाता सुबोध शिशु में गुरु से जगाया ॥३८॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

३९. ववहारोऽभूयत्थो, भूयत्थो देसिदो दु सुद्धणओ ।
भूयत्थमस्सिदो खलु, सम्माइट्ठी हवइ जीवो ।।८।।

४०. निच्छयमवलंबंता, निच्छयतो निच्छयं अजाणंता ।
नासंति चरणकरणं, बाहिरकरणालसा केई ।।६।।

४१. सुद्धो सुद्धादेसो, णायव्वो परमभावदरिसीहिं ।
ववहारदेसिदा पुण, जे दु अपरमे ट्ठिदा भावे ।।१०।।

४२. निच्छयओ दुण्णेयं, को भावे कम्मि वट्टई समणो ।
ववहारओ य कीरइ, जो पुव्वट्ठिओ चरित्तम्मि ।।११।।

४३. तम्हा सव्वे वि णया, मिच्छादिट्ठी सपक्खपडिबद्धा ।
अन्नोन्नणिस्सिया उण, हवंति सम्मत्तसब्भावा ।।१२।।

४४. कज्जं णाणादीयं, उस्सग्गाववायओ भवे सच्चं ।
तं तह समायरंतो, तं सफलं होइ सव्वं पि ।।१३।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भूतार्थ शुद्ध नय है निजको दिखाता,
भूतार्थ है न व्यवहार, हमें भुलाता।
भूतार्थ की शरण लेकर जीव होता,
सम्यक्त्व भूषित, सही मन मैल धोता ।।३९।।

जाने नहीं कि वह निश्चय चीज क्या है।
हैं मानते सकल बाह्य क्रिया-वृथा है।
वे मूढ़ नित्य रट निश्चय की लगाते,
चारित्र नष्ट करते, भव को बढ़ाते ।।४०।।

शुद्धात्म में निरत हो जब सन्त त्यागी,
जीवें विशुद्ध नय आश्रय ले विरागी।
शुद्धात्म से च्युत, सराग चरित्र वाले,
भूले न लक्ष्य व्यवहार अभी संभाले ।।४१।।

है कौन से श्रमण के परिणाम कैसे,
कोई पता नहिं बता सकता कि ऐसे।
तल्लीन हो यदि महाव्रत पालने में,
वे वंद्य हैं नित नमूं व्यवहार से मैं ।।४२।।

वे ही मृषा नय, करे पर की उपेक्षा,
एकान्त से स्वयं की रखते अपेक्षा।
सच्चे सदैव नय वे पर की निभा लें,
बोले परस्पर मिलें व गले लगा लें ।।४३।।

"उत्सर्ग मार्ग" निज में निज का विहारा,
शास्त्रादि साधन रखो अपवाद न्यारा।
ज्ञानादि कार्य इनसे बनते सुचारा,
धारो यथोचित इन्हें सुख हो अपारा ।।४४।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ५. संसारचक्र सूत्र

४५. अधुवे असासयम्मि, संसारम्मि दुक्खपउराए ।
किं नाम होज्ज तं, कम्मयं, जेणाऽहं दुग्गइं न गच्छेज्जा ? ॥१॥

४६. खणमित्तसुक्खा बहुकालदुक्खा, पगामदुक्खा अणिगामसुक्खा ।
संसारमोक्खस्स विपक्खभूया, खाणी अणत्थाण उ कामभोगा ॥२॥

४७. सुट्ठुवि मग्गिज्जंतो, कत्थ वि केलीइ नत्थि जह सारो ।
इंदिअविसएसु तहा, नत्थि सुहं सुट्ठु वि गविट्ठं ॥३॥

४८. नरविबुहेसरसुक्खं, दुक्खं परमत्थओ तयं बिंति ।
परिणामदारुणमसासयं च जं ता अलं तेण ॥४॥

४९. जह कच्छुल्लो कच्छुं, कंडयमाणो दुहं मुणइ सुक्खं ।
मोहाउरा मणुस्सा, तह कामदुहं सुहं बिंति ॥५॥

५०. भोगामिसदोसविसन्ने, हियनिस्सेयसबुद्धिवोच्चत्थे ।
बाले य मन्दिए मूढे, बज्झई मच्छिया व खेलम्मि ॥६॥

५१. जाणिज्जइ चिन्तिज्जइ, जम्मजरामरणसंभवं दुक्खं ।
न य विसएसु विरज्जई, अहो सुबद्धो कवडगंठी ॥७॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ५. संसार चक्र सूत्र

संसार शाश्वत न ही "ध्रुव है न भाई,
पाऊं निरन्तर यहाँ दुख ना भलाई।
तो कौनसी विधि विधान सुयुक्तियाँ रे,
छूटें जिसे कि मम दुर्गति पंक्तियाँ रे॥४५॥

ये भोग काम, मधुलिप्त कृपाण से है,
देते सदा दुख सुमेरु-प्रमाण से है।
संसार पक्ष लखते, सुख के विरोधी,
है पाप धाम, इनसे मिलती न बोधी॥४६॥

भोगे गये विषय ये वहुवार सारे।
पाया न सार इनमें, मनको विदारे।
रे, छान बीन कर लो तुम वार बार,
निस्तार भूत कदली तरु में न सार॥४७॥

प्रारंभ में अमृत सी सुख शान्ति कारी,
दे अन्त में अमित दारुण दुःख भारी।
भूपाल—इन्द्र पदवी सुर सम्पदायें,
छोड़ो इन्हें विषय में दुख आपदायें॥४८॥

ज्यों तीव्र खाज चलती खुजली खुजाते,
रोगी तथापि दुख को सुख ही वताते।
मोहाभिभूत मतिहीन मनुष्य सारे,
त्यों काम जन्य दुख को सुख ही पुकारे॥४९॥

संभोग में निरस्त, सन्मति से परे है,
जो दुख को सुख गिने, भ्रम से परे है।
वे मूढ़ कर्म मल में फंसते तथा हैं,
मक्खी गिरी तड़फती कफ में यथा हैं॥५०॥

हो वेदना जनन मृत्यु तथा जरा से,
ऐसा सभी समझते सहसा सदा से।
तो भी मिटी विषय लोलुपता नहीं हैं,
माया मयी सुदृढ़ गाँठ खुली नहीं है॥५१॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

५२-५४. जो खलु संसारत्थो, जीवो तत्तो दु होदि परिणामो ।
परिणामादो कम्मं, कम्मादो होदि गदिसु गदी ॥८॥

गदिमधिगदस्स देहो, देहादो इंदियाणि जायंते ।
तेहिं दु विसयग्गहणं, तत्तो रागो वा दोसो वा ॥९॥

जायदि जीवस्सवं, भावो संसारचक्कवालम्मि ।
इदि जिणवरेहिं भणिदो, अणादिणिधणो सणिधणो वा ॥१०॥

५५. जम्मं दुक्खं जरा दुक्खं, रोगा य मरणाणि य ।
अहो दुक्खो हु संसारो, जत्थ कीसन्ति जंतवो ॥११॥

## ६. कर्म सूत्र

५६. जो जेण पगारेणं, भावो णियओ तमन्नहा जो तु ।
मन्नति करेंति वदंति व, विप्परियासो भवे एसो ॥१॥

५७. जं जं समयं जीवो आविसइ जेण जेण भावेण ।
सो तंमि तंमि समए, सुहासुहं बंधए कम्मं ॥२॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ससारिजीव जितने फिरतेयहाँ हैं,
वे राग रोष करते दिखते सदा हैं।
दुष्टाष्ट कर्म जिससे अनिवार्य पाते,
हैं कर्म के वहन से गति चार पाते ।।५२।।

पाते गती महल देह उन्हें मिलेगी,
वे इन्द्रियां खिड़कियां जिसमें खुलेंगी।
होगा पुनः विषय सेवन इन्द्रियों से,
रागादिभाव फिर हो जग-जन्तुओं से ।।५३।।

मिथ्यात्व के वश अनादि अनन्त मानो,
सम्यक्त्व के वश अनादि सुसान्त जानो।
संसारिजीव इस भांति विभाव धारे,
वे धन्य हैं तज इन्हें शिव को पधारे ।।५४।।

लो जन्म से, नियम से दुख जन्म लेते,
मारो जरा मरण भी अति दुःख देते।
संसार ही ठस ठसा दुख से भरा है,
पीड़ा चराचर सहें सुख ना जरा है ।।५५।।

## ६. कर्म सूत्र

जो भी जहाँ जब जभी जिस भाँति भाता,
विज्ञान में तब तभी उस भांति आता।
जो अन्यथा समझता करता बताता,
कुज्ञान हो वह, सदा सबको सताता ।।५६।।

रागादि भाव करता जब जीव जैसे ?
तो कर्म बन्धन बिना बच जाय कैसे ?
भाई, शुभाशुभ विभाव कुकर्म आते,
है जीव संग बंधते, तब वे सताते ।।५७।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

५८. कायसा वयसा मत्ते, वित्ते गिद्धे य इत्थिसु ।
दुहओ मलं संचिणइ, सिसुणागु व्व मट्टियं ॥३॥

५९. न तस्स दुक्खं विभयन्ति नाइओ, नमित्तवग्गा न सुया न बंधवा ।
एक्को सयं पच्चणुहोइ दुक्खं कत्तारमेव अणुजाइ कम्म ॥४॥

६०. कम्मं चिणंति सवसा, तस्सुदयम्मि उ परव्वसा होंति ।
रुक्खं दुरुहइ सवसो, विगलइ स परव्वसो तत्तो ॥५॥

६१. कम्मवसा खलु जीवा, जीववसाइं कहिंचि कम्माइं ।
कत्थइ धणिओ बलवं, धारणिओ कत्थई बलवं ॥६॥

६२. कम्मत्तणेण एक्कं, दव्वं भावो त्ति होदि दुविहं तु ।
पोग्गलपिंडो दव्वं, तस्सत्ती भावकम्मं तु ॥७॥

६३. जो इंदियादिविजई, भवीय उवओगमप्पगं झादि ।
कम्मेहिं सो ण रंजदि, किह तं पाणा अणुचरंति ॥८॥

६४- नाणस्सावरणिज्जं, दंसणावरणं तहा ।
वेयणिज्जं तहा मोहं, आउकम्मं तहेव य ॥९॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जो काय से वचन से मद मत्त होता,
लक्ष्मी धनार्थ निज जीवन पूर्ण खोता।
त्यों राग रोष वश हो वसु कर्म पाता,
ज्यों सर्प, जो कि द्विमुखी, मृणनित्य खाता।।५८।।

माता पिता सुत सुतादिक साथ देते,
आपत्ति में न सब वे दुख बाँट लेते।
जो भोगता करम को करता अकेला,
औचित्य कर्म बनता उसका सुचेला।।५९।।

है वन्ध के समय जीव स्वतन्त्र होते,
हो कर्म के उदय में परतन्त्र रोते।
जैसे मनुष्य तरु पै चढ़ते अनूठे,
पानी गिरा, गिर गये जब हाथ छूटे।।६०।।

हा! जीव को "सवल" कर्म कभी सताता,
तो कर्म को सहज जीव कभी दवाता।
देता धनी धन अरे! जब निर्धनों को,
होता वली, ऋण ऋणी जब दे धनी को।।६१।।

सामान्य से करम एक, नहीं द्विधा है,
है द्रव्य कर्म जड़, चेतन से जुदा है।
जो कर्म शक्ति अथवा रति-रोष-भाव,
है भाव कर्म जिससे कर लो बचाव।।६२।।

शुद्धोपयोगमय आतम को निहारे
वे साधु इन्द्रिय जयी मन मार डारें।
ना कर्म रेणु उन पै चिपके कदापि,
ना देह धारण करें फिर से अपापी।।६३।।

ना ज्ञान-आवरण से सब जानना हो,
ना दर्शनावरण से सब देखना हो।
है वेदनीय सुख दुःख हमें दिलाता,
है मोहनीय उलटा जग को दिखाता।।६४।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६५. नामकम्मं च गोयं च, अंतरायं तहेव य।
होते जिन्हें निज समा जग जीव प्यारे।
वे संयमी परम संवर को निभाते,
है पाप रूप विधि-बन्धन को न पाते ।।६०७।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६०८. मिच्छत्तासवदारं, रुंभइ सम्मत्तदिढकवाडेण ।
हिंसादिदुवाराणि वि, दिढवयफलिहेहिं रुंभंति ॥२१॥

६०९. जहा महातलायस्स, सन्निरुद्धे जलागमे ।
उस्सिचणाए तवणाए, कमेण सोसणा भवे ॥२२॥

६१०. एवं तु संजयस्सावि, पावकम्मनिरासवे ।
भवकोडीसंचियं कम्मं, तवसा निज्जरिज्जइ ॥२३॥

६११. तवसा चेव ण मोक्खो, संवरहीणस्स होइ जिणवयणे ।
ण हु सोत्ते पविसंते, किसिणं परिसुस्सदि तलायं ॥२४॥

६१२. ज अन्नाणी कम्मं खवेइ बहुआहिं वासकोडीहिं ।
तं नाणी तिहिं गुत्तो, खवेइ ऊसासमित्तेणं ॥२५॥

६१३. सेणावइम्मि णिहए, जहा सेणा पणस्सई ।
एवं कम्माणि णस्संति, मोहणिज्जे खयं गए ॥२६॥

६१४. कम्ममलविप्पमुक्को, उड्ढं लोगस्स अंतमधिगंता ।
सो सव्वणाणदरिसी, लहदि सुहमणिंदियमणंतं ॥२७॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मिथ्यात्व रूप विधि-द्वार खुले न भाई,
तू शीघ्र से दृग कपाट लगा भलाई।
हिंसादि द्वार, व्रतरूप कपाट द्वारा,
हे! भव्य वन्द कर दें, सुख पा अपारा ।।६०८।।

होगा जलास्रव जहाँ तुम बांध डालो,
आये हुए सलिल वाद निकाल डालो।
तालाव में जल लवालव हो भले ही,
ओ सूखता सहज से पल में टले ही ।।६०९।।

हो संयमी परम आतम शोधता है,
संपूर्ण पाप विधि-आस्रव रोकता है।
निर्भ्रान्त कोटिभव संचित कर्म सारे,
होते विनष्ट, तपसे क्षण में बिचारे ।।६१०।।

पाये विना परम संवर को तपस्वी,
पाता न मोक्ष तप से, कहते मनस्वी।
आता रहा सलिल वाहर से सदा ओ,
क्या सूखता सर कभी ? तुम ही वताओ ।।६११।।

है कर्म नष्ट करता जितना वनों में—
जा अज्ञ धार तप, कोटि भवों भवों में।
ज्ञानी निमेष भर में त्रय गुप्ति द्वारा,
है कर्म नष्ट करता उतना सुचारा ।।६१२।।

होता विनष्ट जव मोह अशान्तिदाई,
तो शेष कर्म सहसा नश जाय भाई!
सेनाधिनायक भला रण में मरा हो,
सेना कभी वच सके ? न वचे जरा ओ ।।६१३।।

लोकान्त लौं गमन है करता सुहाता-
है सिद्ध कर्ममलमुक्त, निजात्म धाता।
सर्वज्ञ हो लस रहा नित सर्वदर्शी,
होता अतीन्द्रिय अनन्त प्रमाद स्पर्शी ।।६१४।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६१५. चक्किकुरुफणिसुरेंदेसु अहमिंदे जं सुहं तिकालभवं ।
तत्तो अणंतगुणिदं, सिद्धाणं खणसुहं होदि ।।२८।।

६१६. सव्वे सरा नियट्टंति, तक्का जत्थ न विज्जइ ।
मई तत्थ न गाहिया, ओए अप्पइट्ठाणस्स खेयन्ने ।।२९।।

६१७. ण वि दुक्खं ण वि सुक्खं, ण वि पीडा णेव विज्जदे बाहा ।
ण वि मरणं ण वि जणणं, तत्थेव य होइ णिव्वाणं ।।३०।।

६१८. ण वि इंदिय उवसग्गा, ण वि मोहो विम्हयो ण णिद्दा य ।
ण य तिण्हा णेव छुहा, तत्थेव य होइ णिव्वाणं ।।३१।।

६१९. ण वि कम्मं णोकम्मं, ण वि चिंता णेव अट्टरुद्दाणि ।
ण वि धम्मसुक्कझाणे, तत्थेव य होइ णिव्वाणं ।।२३।।

६२०. विज्जदि केवलणाणं, केवलसोक्खं च केवलं विरयं ।
केवलदिट्ठि अमुत्तं, अत्थित्तं सप्पदेसत्तं ।।३३।।

६२१. निव्वाणं ति अवाहंति, सिद्धी लोगग्गमेव य ।
खेमं सिवं अणाबाहं, ज चरंति महेसिणो ।।३४।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संप्राप्त जो सुख, सुरों असुरों नरों को,
औ भोग भूमिजजनों अहमिंद्रकों को।
ओ मात्र विन्दु, जव सिद्धनका सुसिंधु,
खद्योत-ज्योति इक है इक पूर्ण इन्दु।।६१५।।

संकल्प तर्क न जहाँ मन ही मरा है,
ना ओज तेज, मलकी न परम्परा है।
संमोह का क्षय हुआ फिर खेद कैसे ?
ना शब्द गम्य वह मोक्ष, दिखाय कैसे ? ।।६१६।।

वाधा न जीवित जहाँ कुछ भी न पीड़ा,
आती न गन्ध सुख की दुख से न क्रीड़ा।
ना जन्म है मरण है जिसमें दिखाते,
'निर्वाण' जान वह है गुरु यों वताते।।६१७।।

निद्रा न मोहतम विस्मय भी नहीं है,
ये इन्द्रियाँ जड़मयी जिसमें नहीं है।
वाधा कभी न उपसर्ग तृषा क्षुधा है,
निर्वाण में सुखद बोधमयी सुधा है।।६१८।।

चिन्ता नहीं उपजती चित में जरा-सी,
नोकर्म भी नहिं, नहिं वसु कर्म-राशि।
होते जहाँ नहि शुभाशुभ ध्यान चारी,
निर्वाण है वह रहा तुम यों विचारी।।६१९।।

कैवल्य-बोध - सुख - दर्शन - वीर्य वाला,
आत्मा प्रदेशमय मात्र अमूर्त शाला।
निर्वाण में निवसता निज नीति धारी,
अस्तित्व से विलसता जग-आर्तहारी।।६२०।।

पाते महर्षि ऋषि सन्त जिसे, वही है,
निर्वाण, सिद्धि, शिव, मोक्ष-मही सही है।
लोकाग्र है सुख अवाधक, क्षेम प्यारा,
वन्दूं उसे विनय से वस वार वारा।।६२१।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६२२. लाउअ एरण्डफले, अग्गीधूमे उसू धणुविमुक्के ।
गइ पुव्वपओगेणं, एवं सिद्धाण वि गती तु ।।३५।।

६२३. अव्वाबाहमणिंदिय-मणोवमं पुण्णपावणिम्मुक्कं ।
पुणरागमणविरहियं, णिच्चं अचलं अणालंबं ।।३६।।

## ३५. द्रव्य सूत्र

६२४. धम्मो अहम्मो आगासं, कालो पुग्गल जन्तवो ।
एस लोगो त्ति पण्णत्तो, जिणेहिं वरदंसिहिं ।।१।।

६२५. आगासकालपुग्गल-धम्माधम्मेसु णत्थि जीवगुणा ।
तेंसि अचेदणत्तं, भणिदं जीवस्स चेदणदा ।।२।।

६२६. आगासकालजीवा, धम्माधम्मा य मुत्तिपरिहीणा ।
मुत्तं पुग्गलदव्वं, जीवो खलु चेदणो तेसु ।।३।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एरण्डबीज सहसा जब सूख जाता,
है अर्ध्व ही नियम से उड़ता दिखता।
हो पंक लिप्त जल में वह डूब जाती,
तुम्बी सपंक तजती द्रुत ऊर्ध्व आती।

छूटा हुआ धनुष से जिस भाँति वाण,
हो पूर्व योग वश हो गतिमान मान।
श्री सिद्ध जीवगति भी उस भाँति होती,
धूमाग्नि की गति समा वह ऊर्ध्व होती ।।६२२।।

आकाश से निरवलम्ब अवाध प्यारे,
वे सिद्ध हैं अचल, नित्य, अनूप सारे।
होते अतीन्द्रिय पुनः भव में न आते,
है पुण्य - पाप - विधि-हीन मुझे सुहाते ।।६२३।।

## ३५. द्रव्य सूत्र

ये जीव, पुद्गल, ख, धर्म, अधर्म, काल,
होते जहाँ समझ 'लोक' उसे विशाल।
आलोक से सकल-लोक अलोक देखा,
यों 'वीर ने' सदुपदेश दिया सुरेखा ।।६२४।।

आकाश, पुद्गल अधर्म व धर्म, काल,
चैतन्य से विकल है सुन भव्य वाल।
होते अतः सव अजीव सदीव भाई,
लो! जीव में उजल चेतनता सुहाई ।।६२५।।

ये पाँच द्रव्य, नभ धर्म अधर्म, काल,
औ जीव शाश्वत अमूर्तिक है निहाल!
है मूर्त पुद्गल सदा सवमें निराला,
है जीव चेतन-निकेतन, बोधशाला ।।६२६।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६२७. जीवा पुग्गलकाया, सह सक्किरिया हवंति ण य सेसा ।
पुग्गलकरणा जीवा, खंधा खलु कालकरणा दु ॥४॥

६२८. धम्मो अहम्मो आगासं, दव्वं इक्किक्कमाहियं ।
अणंताणि य दव्वाणि, कालो पुग्गल जंतवो ॥५॥

६२९. धम्माधम्मे य दोऽवेए, लोगमित्ता वियाहिया ।
लोगालोगे य आगासे, समए समयखेत्तिए ॥६॥

६३०. अन्नोन्नं पविसंता, दिंता ओगासमन्नमन्नस्स ।
मेलंता वि य णिच्चं, सगं सभावं ण विजहंति ॥७॥

६३१. धम्मत्थिकायमरसं, अवण्णगंधं असद्दमप्फासं ।
लोगोगाढं पुट्ठं, पिहुलमसंखादिय-पदेसं ॥८॥

६३२. उदयं जह मच्छाणं, गमणाणुग्गहयरं हवदि लोए ।
तह जीवपुग्गलाणं, धम्मं दव्वं वियाणेहि ॥९॥

६३३. ण य गच्छदि धम्मत्थी, गमणं ण करेदि अन्नदवियस्स ।
हवदि गती स प्पसरो, जीवाणं पुग्गलाणं च ॥१०॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ये जीव पुद्गल जु सक्रिय द्रव्य दो है,
तो शेष चार सब निष्क्रिय द्रव्य जो है।
कर्माभिभूत जड़ पुद्गल से क्रियावान्,
है जीव, कालवश पुद्गल है क्रियावान् ।।६२७।।

है एक एक नभ, धर्म, अधर्म तीनों,
तो शेष शाश्वत अनन्त अनन्त तीनों।
हैं वस्तुतः सब स्वतन्त्र स्वलीन होते,
ऐसा जिनेश कहते वसु कर्म खोते ।।६२८।।

है धर्म औ वह अधर्म त्रिलोक व्यापी,
आकाश तो सकल लोक अलोक व्यापी।
है मर्त्य लोक भर में व्यवहार काल,
सर्वज्ञ के वचन हैं सुन भव्य बाल! ।।६२९।।

देते हुए श्रेय परस्पर में मिले हैं,
ये सर्व द्रव्य पय शक्कर से घुले हैं।
शोभे तथापि अपने अपने गुणों से,
छोड़े नहीं निज स्वभाव युगों-युगों से ।।६३०।।

है स्पर्श रूप, रस, गन्ध, विहीन स्थाई,
है खण्ड-खण्ड नहिं पूर्ण अखण्ड भाई।
है लोक पूर्ण सुविशाल असंख्य देशी,
धर्मास्तिकाय वह है सुन तू हितैषी ।।६३१।।

त्यों धर्म, जीव जड़ की गति में सहाई,
ज्यों मीन के गमन में जल होय भाई!
औदास्य भाव धरता नहि प्रेरणा है,
धर्मास्तिकाय यह है जिन देशना है ।।६३२।।

धर्मास्तिकाय खुद ना चलता चलाता,
पै प्राणि पुद्गल चलें, गति है दिलाता।
होता न प्रेरक निमित्त तथापि भाई,
ज्यों रेल के गमन में पटरी सहाई ।।६३३।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६३४. जह हवदि धम्मदव्वं, तह तं जाणेह दव्वमधम्मक्खं ।
ठिदिकिरियाजुत्ताणं, कारणभूदं तु पुढवीव ॥११॥

६३५. चेयणरहियममुत्तं, अवगाहणलक्खणं च सव्वगयं ।
लोयालोयविभेयं, तं णहदव्वं जिणुद्दिट्ठं ॥१२॥

६३६. जीवा चेव अजीवा य, एस लोए वियाहिए ।
अजीवदेसमागासे, अलोए से वियाहिए ॥१३॥

६३७. पासरसगंधवण्ण-व्वदिरित्तो अगुरुलहुगसंजुत्तो ।
वत्तणलक्खणकलियं, कालसरूवं इमं होदि ॥१४॥

६३८. जीवाण पुग्गलाणं, हुवंति परियट्टणाइ विविहाइ ।
एदाणं पज्जाया, वट्टंते मुक्खकालआधारे ॥१५॥

६३९. समयावलिउस्सासा, पाणा थोवा य आदिआ भेदा ।
ववहारकालणामा, णिद्दिट्ठा वीयराएहिं ॥१६॥

६४०. अणुखंधवियप्पेण दु, पोग्गलदव्वं हवेइ दुवियप्पं ।
खंधा हु छप्पयारा, परमाणू चेव दुवियप्पो ॥१७॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है धर्म द्रव्य उस भाँति अधर्म द्रव्य,
कोई क्रिया न करता सुन भद्र ! भव्य !
औदास्य भाव धरतीसम धार लेता,
ज्यों प्राणि पुद्गल रुकें स्थितिदान देता ।।६३४।।

आकाश व्यापक अचेतन भावधाता,
होता पदार्थ दल का अवगाह दाता।
भाई अमूर्त नभ के फिर भेद दो हैं,
है एक लोक, इक दीर्घ अलोक सो है ।।६३५।।

जीवादि द्रव्य छह ये मिलते जहाँ है,
माना गया अमित लोक यही यहाँ है।
आकाश केवल अलोक वही कहाता,
यों ठीक-ठीक यह छन्द हमें बताता ।।६३६।।

है स्पर्श रूप रस गन्ध विहीन होता,
संवर्तनामय सुलक्षण जो कि ढोता।
है धारता गुण सदा अगुरुलघु को,
है काल स्वीकृत यही जग के प्रभु को ।।६३७।।

है हो रहा नित अचेतन पुद्गलों में,
धारा प्रवाह परिवर्तन चेतनों में।
ओ काल का बस अनुग्रह तो रहा है,
वैराग्य का परम कारण हो रहा है ।।६३८।।

घंटा निमेष समयावलि आदि देखो।
होते प्रभेद जिसमें सहसा अनेकों।
होता वही समय में व्यवहार काल,
है वीतराग जिनका मत है निहाल ।।६३९।।

दो भेद, 'स्कन्ध', 'अणु' पुद्गल के पिछानो,
है स्कन्ध भेद छह को अणु के सुजानो।
है कार्य रूप अणु कारण रूप दूजा,
पै चर्मचक्षु अणु की करती न पूजा ।।६४०।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६४१. अइथूलथूल थूलं, थूलसुहुमं च सुहुमथूलं च ।
सुहुमं अइसुहुमं इदि, धरादियं होदि छब्भेयं ।।१८।।

६४२. पुढवी जलं च छाया, चउरिंदियविसय-कम्मपरमाणू ।
छव्विहभेयं भणियं, पोग्गलदव्वं जिणवरेहिं ।।१९।।

६४३. अंतादिमज्झहीणं, अपदेसं इंदिएहिं ण हु गेज्झं ।
जं दव्वं अविभत्तं, त परमाणुं कहंति जिणा ।।२०।।

६४४. वण्णरसगंधफासे, पूरणगलणाइ सव्वकालम्हि ।
खंदं इव कुणमाणा, परमाणू पुग्गला तम्हा ।।२१।।

६४५. पाणेहिं चदुहिं जीवदि, जीवस्सदि जो हु जीविदो पुव्वं ।
सो जीवो, पाणा पुण बलमिंदियमाउ उस्सासो ।।२२।।

६४६. अणुगुरुदेहपमाणो, उवसंहारप्पसप्पदो चेदा ।
असमुहदो ववहारा, णिच्छयणयदो असंखदेसो वा ।।२३।।

६४७. जह पउमरायरयणं, खित्तं खीरे पभासयदि खीरं ।
तह देही देहत्थो, सदेहमत्तं पभासयदि ।।२४।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है स्थूल-स्थूल, फिर स्थूल व स्थूल सूक्ष्म,
औ सूक्ष्म स्थूल पुनि सूक्ष्म सु सूक्ष्म सूक्ष्म।
भू, नीर, आतप, हवा, विधि-वर्गणायें,
ये हैं उदाहरण स्कन्धन के गिनाये ॥६४१॥

किंवा धरा सलिल, लोचन गम्य छाया,
नासादि के विषय पुद्गल कर्म माया।
अत्यन्त सूक्ष्म परमाणु, छहो यहाँ ये,
हैं स्कन्ध भेद जड़ पुद्गल के वताये ॥६४२॥

जो द्रव्य होकर न इन्द्रिय गम्य होता,
है आदि मध्य अरु अन्त विहीन होता।
है एक देश रखता अविभाज्य भाता,
ऐसा कहें जिन यही परमाणु गाथा ॥६४३॥

जो स्कन्ध में वह क्रिया अणु में इसी से,
तू जान पुद्गल सदा अणु को खुशी से।
स्पर्शादि चार गुण पुद्गल धार पाता,
है पूरता पिघलता पर स्पष्ट भाता ॥६४४॥

ओ जीव है, विगत में चिर जी चुका है,
जो चार प्राण धर के अब जी रहा है।
आगे इसी तरह जीवन जी सकेगा,
उच्छ्वास-आयु-बल इन्द्रिय पा लसेगा ॥६४५॥

विस्तार संकुचन शक्तितया शरीरी,
छोटा बड़ा तन प्रमाण दिखे विकारी।
पै छोड़के समुद्घात दशा हितैषी!
है वस्तुतः सकल जीव असंख्य देशी ॥६४६॥

ज्यों दूध में पतित माणिक दूध को ही,
है लाल लाल करता सुन मूढ़ मोही!
त्यों जीव देह थित हो निज देह को ही,
सम्यक् प्रकाशित करे नहिं अन्य को ही ॥६४७॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६४८. आदा णाणपमाणं, णाणं णेयप्पमाणमुद्दिट्ठं ।
णेयं लोयालोयं, तम्हा णाणं तु सव्वगयं ।।२५।।

६४९. जीवा संसारत्था, णिव्वादा चेदणप्पगा दुविहा ।
उवओगलक्खणा वि य, देहादेहप्पवीचारा ।।२६।।

६५०. पुढविजलतेयवाऊ-वणप्फदी विविहथावरेइंदी ।
विगतिगचदुपंचक्खा, तसजीवा होंति संखादी ।।२७।।

## ३६. सृष्टि सूत्र

६५१. लोगो अकिट्टिमो खलु, अणाइणिहणो सहावणिव्वत्तो ।
जीवाजीवेहिं फुडो, सव्वागासावयवो णिच्चो ।।१।।

६५२. अपदसो परमाणू, पदसमेत्तो य समयसद्दो जो ।
णिद्धो वा लुक्खो वा, दुपदेसादित्तमणुहवदि ।।२।।

६५३. दुपदेसादी खंधा, सुहुमा वा बादरा ससंठाणा ।
पुढविजलतेउवाऊ, सगपरिणामेहिं जायंते ।।३।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आत्मा तथापि वह ज्ञान प्रमाण भाता,
है ज्ञान भी सकल ज्ञेय प्रमाण साता।
है ज्ञेय तो अमित लोक अलोक सारा,
भाई अतः निखिल व्यापक ज्ञान प्यारा ।।६४८।।

ये जीव है द्विविध, चेतन धाम सारे,
'संसारि' 'मुक्त' द्विविधा उपयोग धारे।
संसारिजीव तनधारक है दुखी है,
है मुक्त जीव तनमुक्त तभी सुखी है ।।६४९।।

पृथ्वी-जलानल समीर तथा लतायें,
एकेंद्रिजीव सब स्थावर ये कहायें।
है धारते करण दो, त्रय, चार, पाँच,
शंखादि जीव त्रस है करते प्रपंच ।।६५०।।

## ३६. सृष्टि सूत्र

है वस्तुतः यह अकृत्रिम लोक भाता,
आकाश का हि इक भाग अहो! कहाता।
आई अनादि अविनश्वर नित्य भी है,
जीवादि द्रव्य दल पूरित पूर्ण भी है ।।६५१।।

पा योग अन्य अणु का अणु स्कन्ध होता,
है स्निग्ध रुक्ष गुण धारक चूँकि होता।
ना शब्द रूप अणु है, इक देश धारी,
प्रत्यक्ष ज्ञान लखता 'अणु' निर्विकारी ।।६५२।।

ये सूक्ष्म स्थूल द्वयणुकादिक स्कन्ध सारे,
पृथ्वी जलाग्नि मरुतादिक रूप धारें।
कोई इन्हें न ऋषि ईश्वर ही बनाते,
पै स्वीय शक्ति वश ही बनते सुहाते ।।६५३।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६५४. ओगाढगाढणिचिदो, पुग्गलकायेहिं सव्वदो लोगो ।
सुहुमेहि बादरेहि य, अप्पाओग्गेहिं जोग्गेहिं ॥४॥

६५५. कम्मत्तणपाओग्गा, खंधा जीवस्स परिणइं पप्पा ।
गच्छंति कम्मभावं, ण हि ते जीवेण परिणमिदा ॥५॥

६५६. भावेण जेण जीवो, पेच्छदि जाणादि आगदं विसये ।
रज्जदि तेणेव पुणो, बज्झदि कम्म त्ति उवदेसो ॥६॥

६५७. सव्वजीवाण कम्मं तु, संगहे छद्दिसागयं ।
सव्वेसु वि पएसेसु, सव्वं सव्वेण बद्धगं ॥७॥

६५८. तेणावि जं कयं कम्मं, सुहं वा जइ वा दुहं ।
कम्मुणा तेण संजुत्तो, गच्छई उ परं भवं ॥८॥

६५९. ते ते कम्मत्तगदा, पोग्गलकाया पुणो वि जीवस्स ।
संजायंते देहा, देहंतरसंकमं पप्पा ॥९॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सूक्ष्मादि स्कन्ध दल से त्रय लोक सारा,
पूरा ठसाठस भरा प्रभु ने निहारा।
है योग्य स्कन्ध उनमें विधि रूप पाने,
होते अयोग्य कुछ हैं समझो सयाने ! ।।६५४।।

ज्यों जीव के विकृत भाव निमित्त पाती,
वे वर्गणा विधिमयी विधि हो सताती।
आत्मा उन्हें न विधिरूप हठात् बनाता।
होता स्वभाव वश कार्य सदा दिखाता ।।६५५।।

रागादि से निरखता यदि जानता है,
पंचेंद्रि के विषय को मन धारता है।
रंजायमान उसमें वह ही फँसेगा,
दुष्टाष्ट कर्म-मल में चिर ओ लसेगा ।।६५६।।

सर्वत्र है विपुल है विधि वर्गणायें,
आकीर्ण पूर्ण जिनसे कि दशों दिशायें।
वे जीव के सब प्रदेशन में समाते,
रागादिभाव जब जीव सुधार पाते ।।६५७।।

ज्यों राग-रोष मय भाव स्वचित्त लाता,
है मूढ़ पामर शुभाशुभ कर्म पाता।
होता तभी वह भवान्तर को रवाना,
ले साथ ही नियम से विधि के खजाना ।।६५८।।

प्राचीन कर्म वश देह नवीन पाते,
संसारिजीव पुनि कर्म नये कमाते।
यों बार-बार कर कर्म दुखी हुए हैं,
वे कर्म-बन्ध तज सिद्ध सुखी हुए हैं ।।६५९।।

## दोहा

"तत्त्वदर्शन" यही रहा निजदर्शन का हेतु।
जिन दर्शन का सार है, भवसागर के सेतु ।।

( तृतीय खण्ड समाप्त )



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

# लोक-दर्शन




चौदह राजु उत्तंग नभ लोक पुरुषसंठान ।
तामैं जीव अनादितैं भरमत हैं बिन ज्ञान ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



चतुर्थ खण्ड

# स्याद्वाद

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ३७. अनेकान्त सूत्र

६६०. जेण विणा लोगस्स वि, ववहारो सव्वहा न निव्वहइ ।
तस्स भुवणेक्कगुरुणो, णमो अणेगंतवायस्स ॥१॥

६६१. गुणाणमासओ दव्वं, एगदव्वस्सिया गुणा ।
लक्खणं पज्जवाणं तु, उभओ अस्सिया भवे ॥२॥

६६२. दव्वं पज्जवविउयं, दव्वविउत्ता य पज्जवा णत्थि ।
उप्पाय-ट्ठिइ-भंगा, हंदि दवियलक्खणं एयं ॥३॥

६६३. ण भवो भंगविहीणो, भंगो वा णत्थि संभवविहीणो ।
उप्पादो वि य भंगो, ण विणा धोव्वेण अत्थेण ॥४॥

६६४. उप्पादट्ठिदिभंगा, विज्जंते पज्जएसु पज्जाया ।
दव्वं हि संति नियदं, तम्हा दव्वं हवदि सव्वं ॥५॥

६६५. समवेदं खलु दव्वं, संभवठिदिणाससण्णिदट्ठेहिं ।
एक्कम्मि चेव समये, तम्हा दव्वं खु तत्तिदयं ॥६॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ३७. अनेकान्त सूत्र

जो विश्व के विविध कार्य हमें दिखाते,
भाई, विना जिसके चल वे न पाते।
नैकान्तवाद वह है जगदेक स्वामी!
वन्दू उसे विनय से शिव पन्थगामी ।।६६०।।

आधार द्रव्य, गुणका, इक द्रव्य का ही,
आधार ले गुण लसे, शिव राह राही!
पर्याय द्रव्य गुण आश्रित हैं कहाते,
ये वीर के वचन ना जड़ को सुहाते ।।६६१।।

पर्याय के विन कहीं नहिं द्रव्य पाता,
तो द्रव्य के विन न पर्यय भी सुहाता।
उत्पाद-ध्रौव्य-व्यय लक्षण द्रव्य का है,
यों जान, लाभ द्रुत लूँ निज द्रव्य का है ।।६६२।।

उत्पाद भी न व्यय के विन दीख पाता,
उत्पाद के विन कहीं व्यय भी न भाता।
उत्पाद और व्यय ना विन ध्रौव्य के हो,
विश्वास ईदृशन किन्तु अभव्य के हो ।।६६३।।

उत्पाद ध्रौव्य व्यय हो इन पर्ययों में,
हो द्रव्य में नहिं तथा उसके गुणों में।
पर्याय है नियत द्रव्यमयी, तभी है,
वे 'द्रव्य' ही कह रहे गुरु यों सभी है ।।६६४।।

है एक ही समय में त्रय भाव ढोता,
उत्पाद ध्रौव्य व्यय धारक द्रव्य होता।
तीनों अतः नियत द्रव्य यथार्थ में हैं,
योगी कहें रत स्वकीय पदार्थ में हैं ।।६६५।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६६६. पाडुब्भवदि य अन्नो, पज्जाओ पज्जाओ वयदि अन्नो ।
दव्वस्स तं पि दव्वं, णेव पणट्ठं णेव उप्पन्नं ॥७॥

६६७. पुरिसम्मि पुरिससद्दो, जम्माई-मरणकालपज्जन्तो ।
तस्स उ बालाईया, पज्जवजोया बहुवियप्पा ॥८॥

६६८. तम्हा वत्थूणं चिय, जो सरिसो पज्जवो स सामन्नं ।
जो विसरिसो विसेसो, य मओऽणत्थंतरं तत्तो ॥९॥

६६९. सामन्न अह विसेसे, दव्वे णाणं हवेइ अविरोहो ।
साहइ तं सम्मत्तं, णहु पुण तं तस्स विवरीयं ॥१०॥

६७०. पिउ-पुत्त-णत्तु-भव्वय-भाऊणं एगपुरिससंबंधो ।
ण य सो एगस्स पिय, त्ति सेसयाणं पिया होइ ॥११॥

६७१. सवियप्प-णिवियप्पं इय, पुरिसं जो भणेज्ज अवियप्पं ।
सवियप्पमेव वा णिच्छएण, ण स निच्छमो समए ॥१२॥

६७२. अन्नोन्नाणुगयाणं, 'इमं व तं व' त्ति विभयणमजुत्तं ।
जह 'दुद्ध-पाणियाणं, जावंत विसेसपज्जाया ॥१३॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पर्याय एक नशती जब लौं जहाँ है,
तो दूसरी उपजती तव लौं वहाँ है।
पै द्रव्य है ध्रुव त्रिकाल अवाध भाता,
ना जन्मता न मिटता यह शास्त्र गाता ।।६६६।।

पौरुष्य तो पुरुष में इकसार पाता,
ले जन्म से मरण लौं नहिं छोड़ जाता।
वार्धक्य ओ शिशु किशोर युवा दशायें,
पर्याय हैं जनमती मिटती सदा यें ।।६६७।।

पर्याय जो सदृश्य द्रव्यन की सुहाती,
'सामान्य' नाम वह निश्चित धार पाती।
पर्याय हो विसदृशा वह हो 'विशेषा'
ये द्रव्य को तज नहीं रहती निमेषा ।।६६८।।

सामान्य और सविशेष द्विधर्म वाला,
हो द्रव्य ज्ञान जिसको लखता सुचारा।
सम्यक्त्व का वह सुसाधक बोध होता,
मिथ्यात्व मित्र, आर्य मित्र ! कुबोध होता ।।६६९।।

हो एक ही पुरुष भानज तात भाई,
देता वही सुत किसी नय से दिखाई।
पै भ्रात तात सुत ओ सबका न होता,
है वस्तु धर्म इस भाँति अशांति खोता ।।६७०।।

जो निर्विकल्प - सविकल्प द्विधर्म वाला,
है शोभता नर मनो शशि हो उजाला।
एकान्त से यदि उसे इकधर्मधारी,
जो मानता वह न आगम बोध धारी ।।६७१।।

पर्याय नैक विध यद्यपि हो तथापि,
भाई विभाजित उन्हें न करो कदापि।
वे क्षीर नीर जब आपस में मिलेंगे,
ओ 'नीर' 'क्षीर' 'यह' यों फिर क्या कहेंगे ?।।६७२।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६७३. संकेज्ज याऽसंकितभाव भिक्खू, विभज्जवायं च वियागरेज्जा ।
भासादुगं धम्मसमुट्ठितेहिं, वियागरेज्जा समया सुपन्ने ।।१४।।

## ३८. प्रमाण सूत्र

### (अ) पंचविध ज्ञान

६७४. संसयविमोह-विब्भय-विवज्जियं अप्पपरसरूवस्स :
गहणं सम्मं णाणं, सायारमणेयभेयं तु ।।१

६७५. तत्थ पंचविहं नाणं, सुयं आभिनिबोहियं ।
ओहिनाणं तु तइयं, मणनाणं च केवलं ।।२।।

६७६. पंचेव होंति णाणा, मदिसुदओहीमणं च केवलयं ।
खयउवसमिया चउरो, केवलणाणं हवे खइयं ।।३।।

६७७. ईहा अपोह वीमंसा, मग्गणा य गवेसणा ।
सण्णा सती मती पण्णा, सव्वं आभिणिबोधियं ।।४।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निःशंक हो समय म तज मान सारा,
स्याद्वाद का विनय से मुनि लें सहारा।
भाषा द्विधाअनुभय सत्य सदैव वोले,
निष्पक्ष भाव धर शास्त्र रहस्य खोले ॥६७३॥

## ३८. प्रमाण सूत्र

### (अ) पंचविध ज्ञान

संमोह – संभ्रम – ससंशय – हीन प्यारा,
कल्यान खान वह ज्ञान प्रमाण प्याला।
माना गया स्वपरभाव प्रभाव दर्शी,
साकार नैकनिध शाश्वत–सौख्य–स्पर्शी ॥६७४॥

सज्ज्ञान पंच विध ही मतिज्ञान प्यारा–
दूजा श्रुतावधि–तृतीय सुधा - सुधारा।
चौथा पुनीत मनपर्यय ज्ञान मानूँ,
है पाँचवा परमकेवल ज्ञान - भानू ॥६७५॥

सज्ज्ञान पंच विध ही गुरु गा रहे हैं,
लेके सहार जिसका शिव जा रहे हैं।
सम्पूर्ण आयिक सुकेवल ज्ञान नामी,
चारों क्षयोपशमका अवशेष स्वामी ॥६७६॥

ईहा, अपोह, मति, शक्ति, तथैव संज्ञा,
मीसांस, मार्गण, गवेषण और प्रज्ञा।
ये सर्व ही अभिनिवोधिक ज्ञान भाई,
पूजो इसे वस यही शिव–सौख्य दाई ॥६७७॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६७८. अत्थाओ अत्थंतर-मुवलंभे तं भणंति सुयणाणं ।
आभिणिबोहियपुव्वं, णियमेण य सद्दयं मूलं ॥५॥

६७९. इंदियमणोनिमित्तं, जं विण्णाणं सुयाणुसारेणं ।
निययतत्थुत्तिसमत्थं, तं भावसुयं मई सेसं ॥६॥

६८०. मइपुव्वं सुयमुत्तं, न मई सुयपुव्विया विसेसोऽयं ।
पुव्वं पूरणपालण-भावाओ जं मई तस्स ॥७॥

६८१. अवहीयदित्ति ओही, सीमाणाणेत्ति वण्णियं समए ।
भवगुणपच्चय-विहियं, तमोहिणाण त्ति णं बिंति ॥८॥

६८२. चिंतियमचिंतियं वा अद्धं चिंतिय अणेयभेयगयं ।
मणपज्जव त्ति णाणं, जं जाणइ तं तु णरलोए ॥९॥

६८३. केवलमेगं सुद्धं, सगलमसाहारणं अणंतं च ।
पायं च नाणसद्दो, नामसमाणाहिगरणोऽयं ॥१०॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आधार ले विषय का मति के जनाता—
जो अन्य द्रव्य, श्रुत ज्ञान वही कहाता।
ओ लिंगशब्दज तथा श्रुत ही द्विधा है,
होता नितान्त मतिपूर्वक ही सुधा है।
है मुख्य शब्दज जिनागम में कहाता,
जो भी उसे उर-धरे भवपार जाता ।।६७८।।

पाके निमित्त मन इन्द्रिय का अधारी,
होता प्रसूत श्रुतज्ञान श्रुतानुसारी।
है आत्मतत्त्व परसन्मुख थापने में,
स्वामी! समर्थ श्रुत ही, मति जानने में ।।६७९।।

हो पूर्व में मति सदा श्रुत वाद में हो,
ना पूर्व में श्रुत कभी मति वाद में हो।
होती 'पृ' धातु परिपूरण पालने में,
हो पूर्व में मति अतः श्रुत पूरणे में ।।६८०।।

सीमा बना, समय आदिक की सयाने,
रूपी पदार्थ-भर को इकदेश जाने।
जो ख्यात भाव* गुण प्रत्यय से ससीमा,
माना गया अवधिज्ञान वही सुधीमा ।।६८१।।

है चित्त चिंतित अचिंतित चिंतता है,
या सार्ध चिंतित नृलोकन में यहाँ है।
जो जानता वस उसे शिव सौख्य दाता,
प्रत्यक्ष ज्ञान मन पर्यय नाम पाता ।।६८२।।

शुद्धैक और सब, अनन्त विशेष आदि,
ये अर्थ हैं सकल केवल के अनादि।
कैवल्य ज्ञान इन सर्व विशेषणों से,
शोभे अतः भज उसे, वच दुर्गुणों से ।।६८३।।

---

* भव शब्द को ही भाव शब्द बनाकर छन्द को निर्दोष बनाने का प्रयास किया है। अवधि ज्ञान "भव प्रत्यक्ष" और "गुण प्रत्यक्ष" दो प्रकार का होता है।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६८४. संभिन्नं पासंतो, लोगमलोगं च सव्वओ सव्वं।
तं नत्थि जं न पासइ, भूयं भव्वं भविस्सं च ॥११॥

(आ) प्रत्यक्ष-परोक्ष प्रमाण

६८५. गेह्णइ वत्थुसहावं, अविरुद्धं सम्मरूवं जं णाणं।
भणियं खु तं पमाणं, पच्चक्खपरोक्खभेएहिं ॥१२॥

६८६. जीवो अक्खो अत्थव्ववण - भोयणगुणन्निओ जेणं।
तं पइ वट्टइ नाणं, जे पच्चक्खं तयं तिविहं ॥१३॥

६८७. अक्खस्स पोग्गलकया, जं दव्विन्दियमणा परा तेणं।
तेहिं तो जं नाणं, परोक्खमिह तमणुमाणं व ॥१४॥

६८८. होंति परोक्खाइं मइ-सुयाइं जीवस्स परनिमित्ताओ।
पुव्वोवलद्धसंबंध-सरणाओ वाणुमाणं व ॥१५॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जो एक साथ सहसा विन रोक-टोक,
है जानता सकल लोक तथा अलोक।
'कैवल्य-ज्ञान' जिसको नहिं जानता हो,
ऐसा गतागत अनागत भाव ना हो ॥६८४॥

## (आ) प्रत्यक्ष-परोक्ष प्रमाण

वस्तुत्व नित्य अविरुद्ध अवाध भाता,
सम्यक्तया सहज ज्ञान उसे जनाता।
होता प्रमाण वह ज्ञान अतः सुधा है,
प्रत्यक्ष पावन परोक्षतया द्विधा है ॥६८५॥

ये धातु दो अशु तथा अश जो कहाती,
व्याप्त्यर्थ में अशन में क्रमशः सुहाती।
है अक्ष शब्द वनता सहसा इन्हीं से,
ऐसा सदा समझ तू नहि औ किसी से ॥

है जीव अक्ष जग वैभव भोगता है,
सर्वार्थ में सहज व्याप सुशोभता है।
तो अक्ष से जनित ज्ञान वही कहाता,
'प्रत्यक्ष' है त्रिविध आगम यों वताता ॥६८६॥

द्रव्येन्द्रियाँ मनस पुद्गल भाव धारें,
है अक्ष से इसलिए अति भिन्न न्यारे।
संजात ज्ञान इनसे वह ठीक वैसा,
होता परोक्ष वस लिंगज ज्ञान जैसा ॥६८७॥

होते परोक्ष मति औ श्रुत जीव के हैं,
औचित्य है परनिमित्तक क्योंकि वे हैं।
किंवा अहे परिनिमित्तक हो न कैसे ?
हो प्राप्तअर्थ-स्मृति से अनुमान जैसे ॥६८८॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६८९. एगंतेण परोक्खं, लिंगियमोहाइयं च पच्चक्खं ।
इंदियमणोभवं जं, तं संववहारपच्चक्खं ॥१६॥

## ३९. नय सूत्र

६९०. जं णाणीण वियप्पं, सुयभेयं वत्थुअंससंगहणं ।
तं इह णयं पउत्तं, णाणी पुण तेण णाणेण ॥१॥

६९१. जम्हा ण णएण विणा, होइ णरस्स सियवायपडिवत्ती ।
तम्हा सो बोहव्वो, एयंतं हंतुकामेण ॥२॥

६९२. धम्मविहीणो सोक्खं, तण्हाछेयं जलेण जह रहिदो ।
तह इह वंछइ मूढो, णयरहिओ दव्वणिच्छित्ती ॥३॥

६९३. तित्थयरवयणसंगह-विसेसपत्थार-मूलवागरणी ।
दव्वट्ठिओ य पज्जवणओ, य सेसा वियप्पा सिं ॥४॥

६९४. दव्वट्ठियवत्तव्वं, अवत्थु णियमेण पज्जवणयस्स ।
तह पज्जववत्थु, अवत्थुमेव दव्वट्ठियनयस्स ॥५॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

होता परोक्ष श्रुत लिंगज ही, महान्,
प्रत्यक्ष हो अवधि आदिक तीन ज्ञान ।
स्वामी ! प्रसूत मति, इन्द्रिय चित्र से जो,
'प्रत्यक्ष संव्यवहरा' उपचार से हो ।।६८९।।

## ३९. नय सूत्र

द्रव्यांश को विषय है अपना वनाता,
होता विकल्प श्रुत धारक का सुहाता ।
माना गया नय वही श्रुत भेद प्यारा,
ज्ञानी वही कि जिसने नय ज्ञान धारा ।।६९०।।

एकान्त को यदि पराजित है कराना,
भाई तुम्हें प्रथम है नयज्ञान पाना ।
स्याद्वादबोध नय के विन ना निहाला,
चाबी विना नहिं खुले गृह-द्वार-ताला ।।६९१।।

ज्यों चाहता वृष विना 'जड़' मोक्ष जाना,
किंवा तृषी जल विना हि तृषा बुझाना ।
त्यों वस्तु को समझना नय के विना ही,
है चाहता अबुध ही भवराह राही ।।६९२।।

तीर्थेश का वचन सार द्विधा कहाता,
सामान्य आदिम द्वितीय विशेष भाता ।
दो द्रव्यपर्ययतया नय है उन्हीं के,
ये ही यथाक्रम विवेचक भद्र दीखे ।।६९३।।

ये दोष भेद इनके नय शेष जो भी,
तू जान ईदृश सदा तज लोभ लोभी ।
सामान्य को विषय है नय जो वनाता,
तू शून्य ही वह 'विशेष' उसे दिखाता ।
जो जानता नय सदैव विशेष को है,
सामान्य शून्य दिखता सहसा उसे है ।।६९४।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६९५. उप्पज्जंति वियंति य, भावा नियमेण पज्जवनयस्स ।
दव्वट्ठियस्स सव्वं, सया अणुप्पन्नमविणट्ठं ॥६॥

६९६. दव्वट्ठिएण सव्वं, दव्वं तं पज्जयट्ठिएण पुणो ।
हवदि य अन्नमणन्नं, तक्काले तम्मयत्तादो ॥७॥

६९७. पज्जय गउणं किच्चा, दव्वं पि य जो हु गिण्हइ लोए ।
सो दव्वत्थिय भणिओ, विवरीओ पज्जयत्थिणओ ॥८॥

६९८. नेगम-संगह-ववहार-उज्जुसुए चेव होई बोधव्वा ।
सद्दे य समभिरूढे, एवंभूए य मूलनया ॥९॥

६९९. पढमतिया दव्वत्थी, पज्जयगाही य इयर जे भणिया ।
ते चदु अत्थपहाणा, सद्दपहाणा हु तिण्णि या ॥१०॥

७००. णेगाइं माणाइं, सामन्नोभयविसेसनाणाइं ।
जं तेहिं मिणइ तो, णेगमो णओ णेगमाणो त्ति ॥११॥

७०१. णिव्वित्त दव्वकिरिया, वट्टणकाले दु जं समाचरणं ।
तं भूयणइगमणयं, जह अज्जदिणं निव्वुओ वीरो ॥१२॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्रव्यार्थि की नय सदा इस भाँति गाता,
है द्रव्य तो ध्रुव त्रिकाल अवाध भाता।
पै द्रव्य है उदित होकर नष्ट होता,
पर्याय आर्थिक सदा इस भाँति रोता ॥६९५॥

द्रव्यार्थि के नयन में सव द्रव्य आते,
पर्याय अर्थिवश पर्याय मात्र भाते।
'एक्सरे' हमें हृदय-अन्दर का दिखाती,
तो कैमरा शकल ऊपर की वताती ॥६९६॥

पर्याय गौण कर द्रव्यन को जनाता,
द्रव्यार्थि की नय वही जग में कहाता।
जो द्रव्य गौण कर पर्याय को जनाता,
पर्यायअर्थिक वही यह शास्त्र गाता ॥६९७॥

जो शास्त्र में कथित नैगम, संग्रहा, रे!
है व्यावहार, ऋजुसूत्र, सशब्द प्यारे।
एवंभुता, समभिरूढ़ उन्हीं द्वयों के,
हैं भेद भूल नय सात, विवाद रोके ॥६९८॥

द्रव्यार्थि की सुनय आदिम तीन प्यारे,
पर्याय अर्थिक रहें अवशेष सारे।
हैं चार आदिम पदार्थ प्रधान जानो,
हैं शेष तीन नय शब्द प्रधान मानो ॥६९९॥

सामान्य ज्ञान इतरोभय रूप ज्ञान,
प्रख्यात नैक विध है अनुमान मान!
जाने इन्हें, सुनय नैगम है कहाता,
मानो उसे 'नयिक ज्ञान' अतः सुहाता ॥७००॥

जो भूत कार्य इस सांप्रत से जुड़ाना,
है भूत नैगम वही गुरु का वताना।
वर्षों पुरा शिवगयें युगवीर प्यारे,
मानें तथापि हम 'आज उषा' पधारे ॥७०१॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

७०२. पारद्धा जा किरिया, पयणविहाणादि कहइ जो सिद्धं ।
लोए य पुच्छमाणे, तं भण्णइ वट्टमाणणयं ।।१३।।

७०३. णिप्पण्णमिव पयंपदि, भाविपदत्थं णरो अणिपण्णं ।
अप्पत्थे जह पत्थं, भण्णइ सो भावि णइगमो त्ति णओ ।।१४।।

७०४. अवरोप्परमविरोहे, सव्वं अत्थि त्ति सुद्धसंगहणे ।
होइ तमेव असुद्धं, इगजाइविसेसगहणेण ।।१५।।

७०५. जं संगहेण गहियं, भेयइ अत्थं असुद्धं सुद्धं वा ।
सो ववहारो दुविहो, असुद्धसुद्धत्थभेयकरो ।।१६।।

७०६. जो एयसमयवट्टी, गिह्णइ दव्वे धुवत्तपज्जायं ।
सो रिउसुत्तो सुहुमो, सव्वं पि सद्दं जहा खणियं ।।१७।।

७०७. मणुयाइयपज्जाओ, मणुसो त्ति सगट्ठिदीसु वट्टंतो ।
जो भणइ तावकालं, सो थूलो होइ रिउसुत्तो ।।१८।।

७०८. सवणं सपइ स तेणं, व सप्पए वत्थु जं तओ सद्दो ।
तस्सत्थपरिग्गहओ, नओ वि सद्दो त्ति हेउ व्व ।।१९।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रारम्भ कार्य भरको जन पूछने से,
'पूरा हुआ' कि कहना सहसा मजे से।
ओ वर्तमान नय नैगम नाम पाता,
ज्यों पाक के समय ही वस भात भाता ।।७०२।।

होगा, अभी नहि हुवा फिर भी वताना।
लो! कार्य पूरण हुवा रट यों लगाना।
भावी सुनैगम यही समझो सुजाना,
जैसा उगा रवि न किन्तु उगा वताना ।।७०३।।

कोई विरोध विन आपस में प्रबुद्ध,
सत् रूप से सकल को गहता 'विशुद्ध'।
जात्येक भेद गहता उनमें 'अशुद्ध',
यों है द्विधा सुनय संग्रह पूर्ण सिद्ध ।।७०४।।

संप्राप्त संग्रहतया द्विविधा पदार्थ—
जो है प्रभेद करता उसका यथार्थ।
ओ व्यावहार नय भी द्विविधा, स्ववेदी!
'शुद्धार्थ भेदक' अशुद्ध पदार्थ भेदी ।।७०५।।

जो द्रव्य में ध्रुव न ही पल आयुवाली,
पर्याय हो वियत में विजली निराली।
जाने उसे कि ऋजु सूत्र सु सूक्ष्म भाता,
होता यथा क्षणिक शब्द सुनो सुहाता ।।७०६।।

देवादिपर्यय निजी स्थिति लौं सुहाता,
जो देव रूप उसको तवलौं जनाता।
तू मान स्थूल ऋजु सूत्र वही कहाता,
ऐसा यहाँ 'श्रमण सूत्र' हमें वताता ।।७०७।।

जो द्रव्य का कथन है करता, बुलाता,
आव्हान शब्द वह है जग में सुहाता।
तत्-शब्द-अर्थ भर को नय जो गहाता,
ओ हेतु सा 'सुनय शब्द' अतः कहाता ।।७०८।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

७०९. जो वट्टणं ण मण्णइ, एयत्थे भिन्नलिंगआईणं ।
सो सद्दणओ भणिओ, णेओ पुस्साइआण जहा ।।२०।।

७१०. अहवा सिद्धे सद्दे, कीरइ जं किं पि अत्थववहरणं ।
तं खलु सद्दे विसयं, 'देवो' सद्देण जह देवो ।।२१।।

७११. सद्दारूढो अत्थो, अत्थारूढो तहेव पुण सद्दो ।
भणइ इह समभिरूढो, जय इंद पुरंदरो सक्को ।।२२।।

७१२. एवं जह सद्दत्थो, संतो भूओ तदन्नहाऽभूओ ।
तेणेवंभूयनओ, सद्दत्थपरो विसेसेण ।।२३।।

७१३. जं जं करेइ कम्मं, देही मणवयणकायचेट्ठादो ।
तं तं खु णामजुत्तो, एवंभूओ हवे स णओ ।।२४।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एकार्थ के वचन में वच लिंग भेद,
है देख शब्दनय ही करता अर्थ भेद।
पुंलिंग में व तियलिंगन में सुचारा,
ज्यों पुष्य शब्द बनता 'नक्षत्र·तारा' ।।७०९।।

जो शब्द व्याकरण-सिद्ध, सदा उसी में,
होता तदर्थ अभिरूढ़ न औ किसी में।
स्वीकार ना बस उसे उस शब्द द्वारा,
है मात्र शब्दनय का वह काम सारा।
ज्यों देव शब्द सुन आशय 'देव' लेना,
भाई तदर्थ गहना तज शेष देना ।।७१०।।

प्रत्येक शब्द अभिरूढ़ स्वअर्थ में हो,
प्रत्येक अर्थ अभिरूढ़ स्वशब्द में हो।
है मानता समभिरूढ़ सदैव ऐसे,
ये शब्द 'इन्दर' 'पुरन्दर' शक्र जैसे ।।७११।।

शब्दार्थ रूप अभिरूढ़ पदार्थ 'भूत'
शब्दार्थ से स्खलित अर्थ अतः 'अभूत'।
एवंभुता सुंनय है इस भाँति गाता,
शब्दार्थ तत् पर विशेष अतः कहाता ।।७१२।।

जो जो क्रिया जन तनादितया करें ओ !
तत् तत् क्रिया गमक शब्द निरे निरें हो !
एवं भुता नय अतः उस शब्द का है,
सम्यक् प्रयोग करता जब काम का है।
जैसा सुसाधु रत साधन में सही हो,
स्तोता वही कर रहा स्तुति स्तुत्य की हो ।।७१३।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ४०. स्याद्वाद व सप्तभंगी सूत्र

७१४. अवरोप्परसावेक्खं, णयविसयं अह पमाणविसयं वा ।
तं सावेक्खं भणियं, णिरवेक्खं ताण विवरीयं ।।१ ।

७१५. णियमणिसेहणसीलो, णिपादणादो य जो हु खलु सिद्धो ।
सो सियसद्दो भणिओ, जो सावेक्खं पसाहेदि ।।२।।

७१६. सत्तेव हुंति भंगा, पमाणणयदुणयभेदजुत्ता वि ।
सिय सावेक्खं पमाणं; णएण नय दुणय णिरवेक्खा ।।३।।

७१७. अत्थि त्ति णत्थि दो वि य, अव्वत्तव्वं सिएण संजुत्तं ।
अव्वत्तव्वा ते तह, पमाणभंगी सुणायव्वा ।।४।।

७१८. अत्थिसहावं दव्वं, सद्दव्वादीसु गाहियणएण ।
तं पि य णत्थिसहावं, परदव्वादीहि गहिएण ।।५।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ४०. स्याद्वाद सप्तभंगी सूत्र

हो 'मान' का विषय या नय का भले हो,
दोनों परस्पर अपेक्ष दिये हुए—हो।
सापेक्ष है विषय ओ तव ही कहाता,
हो अन्यथा कि इससे निरपेक्ष भाता ।।७१४।।

एकान्त का नियति का करता निषेध,
है सिद्ध शाश्वत निपाततया 'अवेद'* ।
'स्यात्' शब्द है वह जिनागम में कहाता,
आपेक्ष सिद्ध करता सवको सुहाता ।।७१५।।

भाई प्रमाण-नय दुर्नय भेद वाले,
हैं सप्त भंग वनते क्रमवार न्यारे।
'स्यात्' की अपेक्ष रखते परमाण प्यारे !
शोभें नितान्त नय से नयभंग सारे।
सापेक्ष दुर्नय नहीं, निरपेक्ष होते,
एकान्त पक्ष रखते दुःख को संजोते ।।७१६।।

स्यादस्ति, नास्ति, उभया-वक्तव्य चौथा,
भाई त्रिधा-अवक्तव्य तथैव होता।
यों सप्त भंग लसते परमाण के हैं,
ऐसा कहें जिनप आलय ज्ञान के हैं ।।७१७।।

क्षेत्रादिरूप इन स्वीय चतुष्टयों से,
अस्तिस्वरूप सव द्रव्य युगों-युगों से।
क्षेत्रादिरूप परकीय चतुष्टयों से,
नास्ति स्वरूप प्रतिपादित साधुओं से ।।७१८।।

---

* अवेद=लिंगातीत स्यात् शब्द अव्यय है



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

७१९. उहयं उहयणएण, अव्वत्तव्वं च तेण समुदाए।
तं तिय अव्वत्तव्वा, णियणियणयअत्थसंजोए ।।६।।

७२०. अत्थि त्ति णत्थि उहयं, अव्वत्तव्वं तहेव पुण तिदयं।
तह सिय णयणिरवेक्खं, जाणसु दव्वे दुणयभंगी ।।७।।

७२१. एक्कणिरुद्धे इयरो, पडिवक्खो अवरे य सब्भावो।
सव्वेसिं स सहावे, कायव्वा होइ तह भंगा ।।८।।

## ४१. समन्वय सूत्र

७२२. सव्वं पि अणेयंतं, परोक्खरूवेण जं पयासेदि।
तं सुयणाणं भण्णदि, संसय-पहुदीहि परिचत्तं ।।१।।

७२३. लोयाणं ववहारं, धम्म-विवक्खाइ जो पसाहेदि।
सुयणाणस्स वियप्पो, सो वि णओ लिंगसंभूदो ।।२।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जो स्वीय औ परचतुष्टय से सुहाती,
स्यादस्ति नास्ति मय वस्तु वही कहाती।

औ एक साथ कहते द्वय धर्म को है,
तो वस्तु हो अवकतव्य प्रमाण सो है।
यों स्वीय स्वीय नय संग पदार्थ जानो,
तो सिद्ध हों अवकतव्य त्रिभंग मानो ।।७१९।।

एकैक भंग मय ही सव द्रव्य भाते,
एकान्त से सतत यों रट जो लगाते।
वे सात भंग तव दुर्नय – भंग होते,
स्यात् शव्द से सुनय से जव दूर होते ।।७२०।।

ज्यों वस्तु का पकड़ में इक धर्म आता,
तो अन्य धर्म उसका स्वयमेव भाता।
वे क्योंकि वस्तुगत धर्म, अत: लगाओ,
'स्यात्' सप्त भंग सव में झगड़ा मिटाओ ।।७२१।।

## ४१. समन्वय सूत्र

जो ज्ञान यद्यपि परोक्षतया जनाता,
नैकान्त रूप सवको फिर भी वताता।
है संशयादिक प्रदोष-विहीन साता,
तू जान मान 'श्रुत ज्ञान' वही कहाता ।।७२२।।

जो वस्तु के इक अपेक्षित धर्म द्वारा,
साधें सुकार्य जग के, नय ओ पुकारा।
औ भेद भी नय वही श्रुत ज्ञान का है,
माना गया तनुज भी अनुमान का है ।।७२३।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

७२४. णाणाधम्मजुदं पि य, एयं धम्मं पि वुच्चदे अत्थं ।
तस्सेयविवक्खादो, णत्थि विवक्खा हु सेसाणं ॥३॥

७२५. ते सावेक्खा सुणया, णिरवेक्खा ते वि दुण्णया होंति ।
सयल-ववहार-सिद्धी, सुणयादो होदि णियमेण ॥४॥

७२६. जावंतो वयणपधा, तावंतो वा नया 'वि' सद्दाओ ।
ते चेव य परसमया, सम्मत्तं समुदिया सव्वे ॥५॥

७२७. परसमएगनयमयं, तप्पडिवक्खनयओ निवत्तेज्जा ।
समए व परिग्गहियं, परेण जं दोसबुद्धीए ॥६॥

७२८. णिययवयणिज्जसच्चा, सव्वनया परवियालणे मोहा ।
ते उण ण दिट्ठसमओ, विभयइ सच्चे व अलिए वा ॥७॥

७२९. न समेन्ति न य समेया, सम्मत्तं नेव वत्थुणो गमगा ।
वत्थुविघायाय नया, विरोहओ वेरिणो चेव ॥८॥

७३०. सव्वे समयंति सम्मं, चेगवसाओ नया विरुद्धा वि ।
मिच्च-ववहारिणो इव, राओदासीण-वसवत्ती ॥९॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

होते अनन्त गुण धर्म पदार्थ में हैं,
पै एक को हि चुनता नय ठीक से है।
तत्काल क्योंकि रहती उसको अपेक्षा,
हो शेष गौण गुण, ना उनकी उपेक्षा ।।७२४।।

सापेक्ष ही सुनय हो सुख को संजोते,
माने गये कुनय हैं निरपेक्ष होते।
संपन्न हो सुनय से व्यवहार सारे
नौका समान भव पार तुझे उतारे ।।७२५।।

ये वस्तुतः वचन हैं जितने सुहाते,
हे भव्य जान नय भी उतने हि पाते।
मिथ्या अतः नय हटी कुपथः प्रकाशी,
सापेक्ष सत्य नय मोह-निशा-विनाशी ।।७२६।।

एकान्तपूर्ण कुनयाश्रित पंथ का वे,
स्याद्वाद विज्ञ परिहार करें करावें।
औ ख्याति लाभ वश जैन वना हटी हो,
ऐसा पराजित करो पुनि ना त्रुटी हो ।।७२७।।

सच्चे सभी नय निजी विषयों स्थलों में,
झूठे परस्पर लड़ें निशि-वासरों में।
'ये' सत्य 'वे' सव असत्य कभी अमानी,
ऐसा विभाजित उन्हें करते न ज्ञानी ।।७२८।।

ना वे मिले, यदि मिले तुम हो मिलाते,
सच्चे कभी कुनय पै वन है न पाते।
ना वस्तु के गमक हैं उनमें न बोधि,
सर्वस्व नष्ट करते रिपु में विरोधी ।।७२९।।

सारे विरुद्ध नय भी वन जायँ अच्छे,
स्याद्वाद की शरण ले कहलायँ सच्चे।
पाती प्रजा वल प्रजापति छत्र में ज्यों,
दोषी विदोष वनते मुनि संघ में त्यों ।।७३०।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

७३१. जमणेगधम्मणो वत्थुणो, तदंसे च सव्वपडिवत्ती ।
अंध व्व गयावयवे तो, मिच्छाद्दिट्ठिणो वीसु ।।१०।।

७३२. जं पुण समत्तपज्जाय - वत्थुगमग त्ति समुदिया तेणं ।
सम्मत्तं चक्खुमओ, सव्वगयावयवगहणे व्व ।।११।।

७३३. पण्णवणिज्जा भावा, अणंतभागो तु अणभिलप्पाणं ।
पण्णवणिज्जाणं पुण, अणंतभागो सुदणिबद्धो ।।१२।।

७३४. सयं सयं पसंसंता, गरहंता परं वयं ।
जे उ तत्थ विउस्संति, संसारं ते विउस्सिया ।।१३।।

७३५. णाणाजीवा णाणाकम्मं, णाणाविहं हवे लद्धी ।
तम्हा वयणविवादं, सगपरसमएहिं वज्जिज्जा ।।१४।।

७३६. भद्दं मिच्छादंसण-समूहमइयस्स अमयसारस्स ।
जिणवयणस्स भगवओ, संविग्गसुहाहिगम्मस्स ।।१५।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

होते अनन्त गुण, द्रव्यन में सयाने,
द्रव्यांश को अबुध पूरण द्रव्य माने।
छू अंगा अंग गजके प्रति अंग को ही,
ज्यों अध वे गज कहें, अयि भव्य मोही! ।।७३१।।

सर्वांगपूर्ण गज को दृग से जनाता,
तो सत्य ज्ञान गज का उसका कहाता।
सम्पूर्ण द्रव्य लखता सब ही नयों से,
है सत्य ज्ञान उसका स्तुत साधुओं से ।।७३२।।

संसार में अमित द्रव्य अकथ्य भाते,
श्री वीर देव कहते मित कथ्य पाते।
लो कथ्य का कथित भाग अनन्तवाँ है,
जो शस्त्र रूप वह भी बिखरा हुआ है ।।७३३।।

निंदा तथापि नित जो पर के पदों की,
शंसा अतीव करते अपने मतों की।
पांडित्य, पूजन यशार्थ दिखा रहे हैं,
संसार को सघन और बना रहे हैं ।।७३४।।

संसार में विविध कर्म-प्रणालियाँ हैं,
ये जीव भी विविध औ उपलब्धियाँ हैं।
भाई अतः मत विवाद करो किसी से,
साधर्मि से, अनुज से, पर से, अरी से ।।७३५।।

हे भव्यजीव–मति गम्य जिनेन्द्र वाणी,
पीयूष-पूरित, पुनीत, प्रशान्ति–खानी।
सापेक्ष पूर्ण नय आलय पूर्ण साता,
आसूर्य जीवित रहे जयवन्त माता ।।७३६।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ४२. निक्षेप सूत्र

७३७. जुत्तीसुजुत्तमग्गे, जं चउभेएण होइ खलु ठवणं ।
कज्जे सदि णामादिसु, तं णिक्खेवं हवे समए ॥१॥

७३८. दव्वं विविहसहावं, जेण सहावेण होइ तं झेयं ।
तस्स निमित्तं कीरइ, एक्कं पि य दव्व चउभेयं ॥२॥

७३९. णाम ट्ठवणा दव्वं, भावं तह जाण होइ णिक्खेवं ।
दव्वे सण्णा णामं, दुविहं पि य तं पि विक्खायं ॥३॥

७४०. सायार इयर ठवणा, कित्तिम इयरा दु बिंबजा पढमा ।
इयरा इयरा भणिया, ठवणा अरिहो य णायव्वो ॥४॥

७४१. दव्वं खु होइ दुविहं, आगम-णोआगमेण जह भणियं ।
अरहंत-सत्थ-जाणो, अणजुत्तो दव्व-अरिहंतो ॥५॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## ४२. निक्षेप सूत्र

कोई प्रयोजन रहे तव युक्ति साथ,
औचित्य पूर्ण पथ में रखना पदार्थ।
'निक्षेप' है समय में वह नाम पाता,
नामादि के वश चतुर्विध है कहाता ।।७३७।।

नाना स्वभाव अवधारक द्रव्य प्यारा,
जो ध्येय ज्ञेय वनता जिस भाव द्वारा।
तद्भाव की वजह से इक द्रव्य के ही,
ये चार भेद बनते सुन भव्य देही ।।७३८।।

ये 'नाम' स्थापन, व 'द्रव्य' स्वभाव—चारों,
निक्षेप हैं तुम इन्हें मन में सुधारो।
है नाम मात्र वस द्रव्यन की सुसंज्ञा,
है नाम भी द्विविध ख्यात, कहे जिनज्ञा ।।७३९।।

आकार औ' इतर 'स्थापन' यों द्विधा है,
अर्हन्त विम्व कृत्रिमतर आदि का है।
आकार के विन जिनेश्वर स्थापना को,
तू दूसरा समझ रे ! तज वासना को ।।७४०।।

जो द्रव्य को गत अनागत भाव वाला,
स्वीकारता कर सुसांप्रत गौण सारा।
निक्षेप 'द्रव्य' वह आगम में कहाता,
विश्वास मात्र उसमें बस भव्य लाता ।।

निक्षेप द्रव्य, द्विविधा वह है कहाता,
नोआगमागमतया सहसा – सुहाता।
ना शास्त्रलीन रहता, जिन-शास्त्र ज्ञाता,
ओ द्रव्य आगम जिनेश तदा कहाता ।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

७४२. णोआगमं पि तिविहं, देहं णाणिस्स भाविकम्मं च।
णाणिसरीरं तिविहं, चुद चत्तं चाविदं चेति ॥६॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नो आगमा त्रिविध 'ज्ञायक देह' भावी,
औ 'कर्म रूप' जिन यों कहते स्वभावी।

हे ! भव्य तू समझ ज्ञायक भी त्रिधा है,
जो भूत सांप्रत भविष्यत या कहा है।।
औ त्यक्त च्यावित तथा च्युत यों त्रिधा है,
औ 'भूत ज्ञायक' जिनागम में लिखा है।।

शास्त्रज्ञ की जड़मयी उस देह को ही,
तद्रूप जो समझना अपि भव्यमोही।
माना गया कि वह 'ज्ञायक देह' भेद,
ऐसा जिनेश कहते जिनमें न खेद।।

नीतिज्ञ के मृतक केवल देह को ले,
लो 'नीति' ही मर चुकी जिस भाँति बोले।।

जो द्रव्य की कल दशा वन जाए कोई,
तद्रूप आज लखना उस द्रव्य को ही।
श्री वीर के समय में वस 'भावि' सोही,
राजा यथा समझना युवराज को ही।।

कर्मानुसार अथवा जग मान्यता ले,
रे ! वस्तु का ग्रहण जो करले कराले।
है 'कर्म भेद' वह निश्चित ही कहाता,
ऐसा 'वसन्त तिलका' यह छन्द गाता।।

देवायु कर्म जिसने वस वाँध पाया,
ज्यों आज ही समझना यह 'देव राया'।
या पूर्ण कुम्भ कलदर्पण आदि भाते,
लोकोपचार वश मंगल ये कहाते।।७४१–७४२।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

७४३. आगम-णोआगमदो, तहेव भावो वि होदि दव्वं वा ।
अरहंतसत्थजाणो, आगमभावो हु अरहंतो ॥७॥

७४४. तग्गुणए य परिणदो, णोआगमभाव होइ अरहंतो ।
तग्गुणएई झादा, केवलणाणी हु परिणदो भणिओ ॥८॥

## ४३. समापन

७४५. एवं से उदाहु अणुत्तरनाणी, अणुत्तरदंसी अणुत्तरणाणदंसणधरे ।
अरहा नायपुत्ते भगवं, वेसालिए वियाहिए त्ति बेमि ॥१॥

७४६. णहि णूण पुरा अणुस्सुयं, अदुवा तं तह णो समुट्ठियं ।
मुणिणा सामाइ आहियं, नाएणं जगसव्वदंसिणा ॥२॥

७४७. अत्ताण जो जाणइ जो य लोगं, जो आगतिं जाणइ णागतिं च ।
जो सासयं जाण असासयंच, जातिं मरणं च चयणोववातं ॥३॥



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है द्रव्य सांप्रतदशामय यों वताता,
निक्षेप 'भाव' वह आगम में कहाता।
नोआगमागम तया वह भी द्विधा है,
वाणी जिनेन्द्र-कथिता कहती सुधा है ।।

आत्मोपयोग जिन आगम में लगाता,
अर्हन् उसी समय है जिन शास्त्र-ज्ञाता।
तो 'भाव आगम' नितान्त यही रहा है,
ऐसा यहाँ श्रमण सूत्र वता रहा है ।।

अर्हन्त के गुण सभी प्रकटें जभी से,
अर्हन्त देव उनको कहना तभी से।
है केवली जव उन्हीं गुण धार ध्याता,
'नो आगमा' वह जिनागम में कहाता ।।७४३–७४४।।

## ४३. समापन

अर्हन् प्रभो ! अमित दर्शन-ज्ञान स्पर्शी,
वे 'ज्ञातृ पुत्र' निखिलज्ञ, अनन्तदर्शी।
वैशालि में जनम सन्मति ने लिया था,
धर्मोपदेश इस भाँति हमें दिया था ।।७४५।।

श्री वीर ने सुपथ यद्यपि था दिखाया,
था कोटिशः सदुपदेश हमें सुनाया।
धिक्कार ! किन्तु हमने उसको सुना ना,
मानो ! सुना पर कभी उसको गुना ना ।।७४६।।

जो साधु आगति-अनागति कारणों को,
पीड़ा प्रमोद प्रद आस्रव-संवरों को।
औ जन्म को मरण को जिनके गुणों को,
त्रैलोक्य में स्थित अशाश्वत शाश्वतों को ।।७४७।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

७४८. अहो वि सत्ताण वि ठ्ठुणं च, जो आसवं जाणति संवरं च।
दुक्खं च जो जाणइ णिज्जरं च, सो भासिउमरिहति किरियवादं ।।

७४९. लद्धं अलद्धपुव्वं, जिणवयण-सुभासिदं अमिदभूदं ।
गहिदो सुग्गइमग्गो, णाहं मरणस्स बीहेमि ।।५।।

## वीर-स्तवन

७५०. णाणं सरणं मे, दंसणं च सरणं च चरिय सरणं च ।
तव संजमं च सरणं, भगवं सरणो महावीरो ।।१।।

७५१. से सव्वदंसी अभिभूयणाणी, णिरामगंधे धिइमं ठियप्पा ।
अणुत्तरे सव्वजगंसि विज्जं, गंथा अतीते अभए अणाऊ ।।२।।

७५२. से भूइपण्णे अणिएयचारी, ओहंतलरे धीरे अणंतचक्खू ।
अणुत्तरे तवति सूरिए व, वइरोयणिंदेव तमं पगासे ।।३।।

७५३. हत्थीसु एरावणमाहु णाए, सीहो मिगाणं सलिलाण गंगा ।
पक्खीसु वा गरुले वेणुदेवो, निव्वाणवादीणिह नायपुत्ते ।।४।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

औ स्वर्ग को नरक को दुःख निर्जरा को,
है जानते च्यवन को उपपादता को।
श्रीमोक्ष-पंथ प्रतिपादन कार्य में है,
वे योग्य, वंदन त्रिकाल करूँ उन्हें मैं ।।७४८।।

वाणी सुभाषित सुधा, शुचि 'वीर की' है,
थी पूर्व प्राप्त न, अपूर्व अभी मिली है।
क्यों मृत्यु से फिर डरूँ, तज सर्वग्रन्थि,
मैं हो गया जब प्रभो शिवपंथ-पंथी ।।७४९।।

## वीर-स्तवन

सम्यक्त्व–बोध व्रत पावन–शील न्यारे,
मेरे रहें शरण संयम शील सारे।
लूँ वीर की शरण भी मम प्राण प्यारे,
नौका समान भव-पार मुझे उतारे ।।७५०।।

निर्ग्रन्थ है अभय धीर अनन्त ज्ञानी,
आत्मस्थ है अमल है कर आयु-हानि।
मूलोत्तरादिगुण धारक विश्वदर्शी,
विद्वान् 'वीर' जग में जगचित्त हर्षी ।।७५१।।

सर्वज्ञ हैं अनियताचरणावलम्बी,
पाया भवाम्बुनिधि का तट स्वावलम्बी।
हैं अग्नि से निशि नशा, स्वपर-प्रकाशी,
है वीर धीर रवितेज अनन्तदर्शी ।।७५२।।

ऐरावता वरगजों हरि ज्यों मृगों में,
गंगा नदी, गरुड़ श्रेष्ठ विहंगमों में।
निर्वाणवादि मनुजों, मुनि साधुओं में,
त्यों 'ज्ञातपुत्र' वर 'वीर' मुमक्षुओं में ।।७५३।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

७५४. दाणाण सेट्ठं अभयप्पयाणं, सच्चेसु वा अणवज्जं वयंति ।
तवेसु वा उत्तम बंभचेरं, लोगुत्तमे समणे नायपुत्ते ।।५।।

७५५. जयइ जगजीवजोणी-वियाणओ जगगुरू जगाणंदो ।
जगणाहो जगबंधू, जयइ जगप्पियामहो भयवं ।।६।।

७५६. जयइ सुयाणं पभवो, तित्थयराणं अपच्छिमो जयइ ।
जयइ गुरू लोगाणं, जयइ महप्पा महावीरो ।।७।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ज्यों श्रेष्ठ सत्य वचनों वच कर्णप्रीय,
दानों रहा 'अभयदान' समर्च्यनीय।
है ब्रह्मचर्य तप उत्तम सत्तपों में,
त्यों 'ज्ञातृपुत्र' श्रमणेश धरातलों में ।।७५४।।

है जन्मते कब कहाँ जग जीव सारे,
जानो जगद्गुरु ! तुम्हीं जगदीश प्यारे।
धाता पितामह चराचर मोदकारी,
हो लोकबन्धु भगवन् जय हो तुम्हारी ।।७५५।।

संसार के गुरु रहें जयवन्त नामी !
तीर्थेश अन्तिम रहें जयवन्त स्वामी !
विज्ञान-स्रोत जयवन्त रहें महात्मा,
वे 'वीर देव' जयवन्त रहें महात्मा ।।७५६।।

## दोहा

मेटे वाद विवाद को निर्विवाद स्याद्वाद।
सब वादों को खुश करें पुनि-पुनि कर संवाद ।।

।। चतुर्थ खण्ड समाप्त ।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

# भूल क्षम्य हो

## गुरु-स्मृति-स्तुति

### वसन्त तिलका छंद

मैं आपकी सदुपदेश सुधा न पीता,
जाती लिखी न मुझसे यह जैन गीता।
दो ज्ञान सागर गुरो मुझको सुविधा,
'विद्यादिसागर' बनूँ तजदूँ अविद्या ।।१।।

## मंगल कामना

### दोहा

लेखक, कवि मैं हूँ नहीं मुझमें कुछ नहिं ज्ञान,
त्रुटियाँ होवें यदि यहाँ शोध पढ़ें धीमान ।।२।।

यही प्रार्थना 'वीर' से अनुनय से कर जोर,
हरी भरी दिखती रहे धरती चारों ओर ।।३।।

मरहम पट्टी बाँध के वृण का कर उपचार,
ऐसा यदि ना बन सका, डंडा तो मत मार ।।४।।

फूल बिछाकर पन्थ में पर प्रति बन अनुकूल,
शूल बिछाकर भूल से मत बन तू प्रतिकूल ।।५।।

तजो रजोगुण, साम्यको सजो, भजो निज धर्म,
शम् मिले भव दुख मिटे, आशु मिटे वसु कर्म ।।६।।

## स्थान एवं समय--परिचय

श्रीधर के वलि शिव गये—कुण्डलगिरि से हर्ष,
धारा वर्षा योग उन—चरणन में इस वर्ष ।।७।।

'वड़े वावा' वड़ी कृपा, की मुझ पे आदीश,
पूर्ण हुई मम कामना पाकर जिन-आशीश ।।८।।

संग गगनगतिगंध की भादुपदी सिततीज,
पूर्ण हुवा यह ग्रन्थ है मुक्ति मुक्ति का बीज ।।९।।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

## वीर - स्तवन

सम्यक्त्व–बोध व्रत पावन–शील न्यारे,
मेरे रहें शरण संयम शील सारे।
लूँ वीर की शरण भी मम प्राण प्यारे,
नौका समान भव-पार मुझे उतारे ।।१।।

निर्ग्रन्थ है अभय धीर अनन्त ज्ञानी,
आत्मस्थ है अमल है कर आयु-हानि।
मूलोत्तरादिगुण धारक विश्वदर्शी,
विद्वान् 'वीर' जग में जगच्चित्त हर्षी ।।२।।

सर्वज्ञ हैं अनियताचरणावलम्वी,
पाया भवाम्वुनिधि का तट स्वावलम्वी।
है अग्नि से निशि नशा, स्वपर-प्रकाशी,
है वीर धीर रवितेज अनन्तदर्शी ।।३।।

ऐरावता वरगजों हरि ज्यों मृगों में,
गंगा नदी, गरुड़ श्रेष्ठ विहंगमों में।
निर्वाणवादि मनुजों, मुनि साधुओं में,
त्यों 'ज्ञातृपुत्र' वर 'वीर' मुमुक्षुओं में ।।४।।

ज्यों श्रेष्ठ सत्य वचनों वच कर्णप्रीय,
दानों रहा 'अभयदान' समर्च्यनीय।
है ब्रह्मचर्य तप उत्तम सत्तपों में,
त्यों 'ज्ञातृपुत्र' श्रमणेश धरातलों में ।।५।।

प्राप्ति स्थान (१) विमलकुमार मलैया, स्टेशनर्स, 'सागरश्री', कटरा बाजार, सागर; (२) गुलावचन्द्र पटनावाले, अशोक जनरल स्टोर्स, बड़ा बाजार, सागर (मध्यप्रदेश)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi